हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
yashbharat.co.in
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
● वर्ष- 17 अंक 71 ● कटनी ● शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935






डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती आज

## समरसता लाने में नेता ही बाधक बन रहे :तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य

### जब तक आर्थिक आधार पर आरक्षण नहीं होगा समरसता नहीं आएगी



■ जबलपुर, यशभारत।

समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित श्रीराम का समरस एवँ समर्थ कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर पहुंचे तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि समरसता लाना केवल व्यक्ति का काम नहीं है , सबको मिलकर काम करना होगा। जगतगुरू ने कहा कि समरसता लाने में नेता ही बाधक बन रहे हैं। समरसता लाना है तो आर्थिक आधार पर आरक्षण होना चाहिए। जातिगत आरक्षण बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक संदीप नहीं करोड़ों संदीप काम कर ले समरसता नहीं आ सकती है।

### हिंदू लड़कियों को समझना चाहिए लव जिहाद

तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी ने लव जिहाद पर कहा कि हिंदू लड़कियों को समझना चाहिए और मुस्लिम युवकों से दूर रहना चाहिए वह फंसे न। एक सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि मुफ्त जो घोषणाएं होती है उसे कर्म से नहीं जोड़ा जा सकता है सिर्फ लोगों को भ्रमित किया जा रहा है ।से सहायता करने तैयार है ।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सत्य की चिंता उन्हें भी है ।एक प्रश्न में जब मुफ्त देने के संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि ये तो वोट बैंक के लिए सभी नेता करते हैं।

# राहुल गांधी को अपनी सीट देने के लिए तैयार राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा

■ ग्वालियर, यशभारत।

**ग्वालियर में गुरुवार शाम कांग्रेस ने हजीरा में लोकतंत्र बजाओ मशाल क्रांति रैली निकाली. इस दौरान युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास भी शामिल हुए. उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि चाहे सरकार अनैतिक रुप से राहुल गांधी की सदस्यता को खत्म कर दें, चाहे घर छील ले. लेकिन गांधी के देश को गोडसे का देश बनने नहीं देंगे. वहीं राहुल गांधी की सांसदी जाने ? के बाद राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा का बड़ा बयान सामने आया है. बता दें कि राहुल गांधी के समर्थन में ग्वालियर में युवक कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र बचाओ रैली और मशाल जुलूस का आयोजन किया गया था. इस दौरान बी वी श्रीनिवास और विवेक तन्ख बीजेपी पर हमलावर हुए।**



### में अपनी सीट देने को तैयार

बता दें कि राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद विवेक तन्खा का बड़ा बयान सामने आया है. राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने अपनी सीट देने की पेशकश राहुल गांधी को कर दी. विवेक तन्खा ने कहा कि मैं आज राहुल गांधी की वजह से सांसद हूं. उनके कहने पर ही सोनिया गांधी ने मुझे टिकट दिया. हालांकि राहुल को इसकी जरूरत नहीं हैं लेकिन वे चाहें तो मेरी जगह राज्यसभा जा सकते हैं. मैं अपनी सीट देने को तैयार. हूं।

### विपक्षी एकता पर राहुल गांधी ने कहा- हम सब एकजुट

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्षी दलों के नेता एक-दूसरे से मुलाकात कर रहे हैं। भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दलों को एक साथ आने के लिए कई नेता कोशिश कर रहे हैं। इसी के तहत एनसीपी नेता शरद पवार ने गुरुवार शाम राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। ये बैठक खड़गे के दिल्ली स्थित आवास पर हुई। इससे पहले राहुल बुधवार को नीतीश कुमार से मिले थे। बैठक के बाद राहुल ने कहा कि हम सब एकजुट हैं। वहीं, खड़गे ने कहा कि देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम एक होकर लड़ने के लिए तैयार हो रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मुझे खुशी है कि शरद पवार मुंबई से हमसे मिलने आए और हमारा मार्गदर्शन किया। शरद पवार ने कहा कि मैं चाहता हूं कि सभी विपक्षी दलों के नेताओं से बात होनी चाहिए। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल से भी बात होनी चाहिए। हमें उनके पास जाकर बात करना चाहिए। हम विपक्ष को एकजुट करने के लिए सबको साथ लेकर आगे चलेंगे।नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर राहुल गांधी से मिले। मुलाकात के बाद नीतीश और राहुल ने मीडिया से बातचीत की। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी विपक्षी एकता पर बात हुई है।

## न्यूज-ब्रीफ

### जुनैद और नासिर को जिंदा जलाने के आरोपी मोनू और गोगी गिरफ्तार



■ भरतपुर, ईएमएस।

भरतपुर के जुनैद और नासिर को जिंदा जलाकर मारने के आरोपी मोनू राणा और गोगी को गिरफ्तार कर लिया गया है। नासिर और जुनैद का अपहरण करके हत्या के जघन्य अपराध में वांछित मोनू राणा और गोगी पर 10000 रुपए का इनाम घोषित था। जुनेद और नासिर का शव 16 फरवरी को हरियाणा के भिवानी में एक जली हुई गाड़ी में मिला था।

### दर्दनाक हादसा! खेतों में लगी भीषण आग, 18 हजार से अधिक गायों की मौत



■ टेक्सास, एजेंसी।

टेक्सास में एक विस्फोट में 18,000 से अधिक गायों के मरने की खबर आ रही है। यह दुर्घटना बीते मंगलवार की है। साउथफोर्क डेयरी फार्म में आग लग गई। इसके कारण वहाँ एक जबरदस्त धमाका हुआ। रोयटर्स की ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका के इतिहास में खेतों में लगने वाली यह सबसे घातक आग है। आग लगने का कारण अभी भी पता नहीं चला है। खेत के मालिक या उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### आज सरेंडर कर सकता है अमृतपाल सिंह, पंजाब-राजस्थान में अलर्ट



■ अमृतसर, एजेंसी।

खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को लेकर पंजाब में चर्चा है कि वह बैसाखी के मौके पर शुक्रवार को सरेंडर कर सकता है। वह किसी गुरुद्वारे में सरेंडर करेगा। इस सूचना के बाद पंजाब पुलिस और अलर्ट हो गई है। चर्चा है कि वह राजस्थान के किसी गुरुद्वारे में सरेंडर कर सकता है। आईजी बार्डर रेंज नरिंदर भार्गव ने गुरदासपुर व बटाला में अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। अमृतसर रेलवे स्टेशन पर अमृतपाल के पोस्टर लगा दिए गए हैं, जिसमें उसकी सूचना देने वाले को उचित इनाम देने की बात लिखी गई है। ये पोस्टर काथू नंगल इलाके से अमृतसर के करीबी सहयोगी पापलप्रीत सिंह के पकड़े जाने के तीन दिन बाद सामने आए हैं।

# डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली पर नेताओं का जमावड़ा

### सीएम शिवराज, पूर्व सीएम कमलनाथ, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश सहित कई नेता देंगे श्रद्धांजलि

■ महू, यशभारत।

आज संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। मध्यप्रदेश में इंदौर के महू में बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मस्थली पर मुख्य समारोह होगा। यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व सीएम कमलनाथ, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद सहित कई राजनीतिक दलों के नेता श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचेंगे। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करेंगे।इससे पहले गुरुवार रात में बौद्ध भिक्षुओं ने अंबेडकर स्मारक पर बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने वंदना की। उसके बाद यहां मौजूद जन समुदाय, समता सैनिक दल और अंबेडकर मेमोरियल सोसाइटी के सदस्यों ने रात में 12 बजते ही बाबा साहेब को सलामी दी। बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मस्थली पर सबसे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय पहुंचेंगे। वे बाबा साहब को नमन किया उनके बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सुबह 10.30 बजे महू पहुंचे। वे यहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण रिने के बाद यहां पार्टी के कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रवाना हो जाएंगे।



### एक घंटे रुकेंगे राज्यपाल मंगूभाई पटेल

मप्र के राज्यपाल मंगूभाई पटेल शुक्रवार को हेलीकाप्टर से दोपहर में महू पहुंचेंगे। राज्यपाल पटेल यहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। राज्यपाल महू से दोपहर 1.10 बजे हेलीकाप्टर से महेश्वर के लिए रवाना होंगे।

### सीएम शिवराज भी पहुंचेंगे

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर में हेलीकाप्टर से डॉ. अंबेडकर नगर (महू) आएंगे। वे यहां तेलीखेड़ा स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां उनकी जयंती पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे उनके जन्म स्मारक पर पहुंचकर श्रृद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद स्मारक के सामने ही एक सभा को संबोधित भी करेंगे। दोपहर 1.10 बजे हेलीकाप्टर से महेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अखिलेश यादव, जयंत चौधरी और चंद्रशेखर आजाद करेंगे सभा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राज्यसभा सदस्य व राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के अध्यक्ष जयंत चौधरी और भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद दोपहर करीब 1 बजे महू पहुंचेंगे। वे यहां किशनगंज नाके से रैली के रूप में डॉ.अंबेडकर जन्मस्थली पहुंचेंगे। यहां बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद तीनों नेता शहर के आजाद मैदान में सभा को भी संबोधित करेंगे।


### अंबेडकर जयंती पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश

राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर मध्यप्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस आशय की अधिसूचना गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की है। अंबेडकर जयंती पर महाराष्ट्र सहित अन्य राज्य से आने वाले अनुयायियों की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए इस बार 500 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जन्मस्थली के आसपास की जगह पुलिस के पॉइंट भी लगे हैं।

## कोरोना के ऐक्टिव मामले 50 हजार के करीब, एक दिन में हजार पॉजिटिव

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

देश में कोरोना के केसों ने रफ्तार पकड़ ली है। शुक्रवार को बीते 24 घंटों का जो आंकड़ा सामने आया है, उसमें कुल 11.109 नए केस पाए गए हैं। इस सप्ताह यह लगातार ज्या दिन है, जब कोरोना के केसा में तेजी देखी गई है। इससे पहले गुरुवार को 10,168 नए मामले आए थे और बुधवार को 7,530 कैस मिले थे। नए 11 हजार केसों के साथ ही देश में ऐक्टिव मामले भी बढ़कर 49 हजार के पार हो गए हैं। डर है कि जल्दी ही यह आंकड़ा 50 हजार के भी चार जा सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अप्रैल महीने में कोरीना केसों में तेजी बनी रहेगी। हालांकि मई में इस गिरावट देखने को मिल सकती है।



### मध्य प्रदेश में लगातार दूसरे दिन कोरोना के 50 से ज्यादा मामले मिले

प्रदेश में लगातार दूसरे दिन कोरोना के 50 से अधिक मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को 888 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 51 संक्रमित पाए गए हैं। मंगलवार को 901 सैंपलों की जांच में 52 संक्रमित मिले थे।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

## विरार में अंबेडकर जयंती रैली में भयंकर हादसा, करंट लगने से 2 की मौत, 7 घायल

■ मुंबई, एजेंसी।



मुंबई से सटे विरार में अंबेडकर जयंती की रैली निकालने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया है. रैली के दौरान रथ पर लगा झंडा ऊपर बिजली के तार से टकरा गया और रथ को धकेल रहे लोगों को जबरदस्त शॉक लगा. बिजली का शॉक लगने से 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 बुरी तरह से घायल हुए हैं. जिनका इलाज अस्पताल में जारी है. जोनल डीसीपी के मुताबिक जब ये घटना हुई उस समय रैली खत्म होने में बाद वापस मनवेलपाड़ा इलाके से कारगिल इलाके की तरफ जा रही थी। पालघर के विरार में अंबेडकर जयंती रैली में हुई इस दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद डीसीपी और विरार पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए. बताया गया कि घटना के समय एक ट्रॉली पर 6 लोग खड़े थे. कुछ उसे धक्का लगा रहे थे. तभी ट्रॉली पर लगी लोहे की रॉड पास के बिजली के तार में लग गई. इसके कारण कई लोगों को करंट लगा. इनमें रूपेश सुर्वे (30) और सुमित सूत (23) नाम के दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई ।

### अब बमबाज गुड्डू मुस्लिम को घेरे जाने की सूचना, असद के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएगा अतीक

■ प्रयागराज, एजेंसी।

उमेश पाल हत्याकांड में यूपी पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। ताजा खब यह है कि हत्याकांड में मुख्य आरोपी बाहुबली अतीक अहमद के तीसरे बेटे असद के एनकाउंटर के बाद अब इसी मामले में बमबाज गुड्डू मुस्लिम को भी यूपी एटीएस ने घेर लिया है। कहा जा रहा है कि यदि गुड्डू मुस्लिम ने भी सरेंडर नहीं किया तो, किसी भी वक्त उसके भी एनकाउंटर की खबर आ सकती है। यूपी एटीएस की ओर से अब तक इस बात की पुष्टि नहीं कई है कि गुड्डू मुस्लिम कहां है और क्या पुलिस ने उसे भी घेर लिया है। इस बीच, असद का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा। उसका शव उसके नाना और मौसा प्रयागराज लाएंगे। पर अतीक शामिल नहीं हो पाएगा।



## अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों से सोना 450 और चांदी 1000 रुपये तेज

■ इंदौर, ईएमएस।

अमेरिका में महंगाई के आंकड़े जारी होने के बाद सोना-चांदी ने फिर से तेजी पकड़ी है। दरअसल, महंगाई दर में अपेक्षा से बेहतर कमी देखी जा रही है। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में महंगाई दर घटी है। इससे अगले महीनों में यूएस फेड ब्याज दर में बढ़ोतरी रोक सकती है। आंकड़े सामने आने के बाद गुरुवार को सोना-चांदी में निवेशकों की जोरदार लेवाली आने और वायदा मार्केट में सटोरियों की सक्रियता बढ़ने के कारण वायदा काफी उछल गया। इससे कामेक्स पर सोना आठ डालर बढ़कर 2029 डालर प्रति औंस और चांदी 21 सेंट बढ़कर 25.62 डालर प्रति औंस पर पहुंच गई। इससे इंदौर में गुरुवार को सोना कैडबरी नकद में 450 रुपये ब?कर 59800, आरटीजीएस 62255 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। चांदी चौरसा नकद में 1000 रुपये बढ़कर 71300 और आरटीजीएस में 77300 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। कामेक्स सोना ऊपर में 2029 तथा नीचे में 2013 डालर प्रति औंस और चांदी ऊपर में 25.62 व नीचे में 25.38 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।

### इस साल बंपर रिटर्न की उम्मीद

विशेषज्ञों के अनुसार, इस साल सोने और चांदी से बंपर रिटर्न मिलने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष यानी अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के दौरान सोने की कीमत में 15 फीसद का उछाल देखने को मिल सकता है। चालू वित्त वर्ष में सोने के भाव 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकते हैं।

### मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

## आ रही चिलचिलाती गर्मी , कई राज्यों में लू का अलर्ट

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को गर्मी और लू को लेकर अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग ने बताया कि गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों में अगले तीन से चार दिनों में लू की स्थिति बनी रह सकती है। इस महीने की शुरुआत में मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों को छोड़कर अप्रैल से जून तक देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान जताया था। आईएमडी के अनुसार, इस अवधि के दौरान मध्य, पूर्व और उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक लू के दिनों की उम्मीद है। गंगीय पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में सोमवार (17 अप्रैल), उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा में शनिवार (15 अप्रैल) तक और बिहार में 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक लू चलने के आसार हैं। मध्य और उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत में अधिकतम तापमान वर्तमान में 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। मौसम विभाग ने कहा कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और केरल के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक है। आईएमडी ने एक विस्तारित अवधि के पूर्वानुमान में कहा कि 20 अप्रैल से 26 अप्रैल के बीच कुछ दिनों में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है।

# 21 मई से प्लेन से तीर्थ दर्शन करेंगे बुजुर्ग

### पहले चरण में 25 जिलों के यात्री भरेंगे उड़ान, शिवराज सरकार ने जारी किए आदेश

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश सरकार चुनावी साल में बुजुर्गों को हवाई यात्रा के जरिए तीर्थ दर्शन कराएगी। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने तीर्थ दर्शन योजना के तहत गुरुवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश के 25 जिलों के 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग जो आयकर दाता नहीं हैं, वह प्रदेश के बाहर के तीर्थ स्थानों पर यात्रा कर सकेंगे। अगले महीने 21 मई से 19 जुलाई तक योजना के तहत यात्राएं कराई जाएंगी।




### इन जिलों के यात्री जा सकेंगे यात्रा पर

आदेश के अनुसार भोपाल, इंदौर, आलीराजपुर, धार, राजगढ़, रायसेन, सीहोर, झाबुआ, विदिशा, आगर मालवा, बैतूल, देवास, हरदा, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, दमोह, रतलाम, शाजापुर, सागर, उज्जैन, खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर और खरगोन।

### 65 साल से अधिक उम्र के गैर आयकरदाता कर सकेंगे यात्रा

योजना के तहत नियमित विमान सेवा (रूटीन फ्लाइट्स) के जरिए प्रदेश के 65 साल से अधिक आयु के (जो आयकरदाता नहीं हैं) बुजुर्ग को प्रदेश के बाहर स्थित चिन्हित तीर्थ स्थानों में से एक या युग्म तीर्थों की यात्रा कराई जाएगी।

### ऐसे होगी यात्रा

योजना का क्रियान्वयन IRCTC (Indian Railway Catering and Tourism Corporation Limited), के जरिए किया जाएगा। IRCTC के साथ किए गए अनुबंध और तीर्थ यात्राओं के लिए प्रस्तावित पैकेज अनुसार यात्रा कराई जाएगी ।जिस एयरपोर्ट से यात्रा शुरू होगी, उसी एयरपोर्ट पर यात्री वापस लौटेंगे। इसकी जिम्मेदारी IRCTC की रहेगी। यात्रियों का चयन संबंधित कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। सिलेक्शन के बाद कलेक्टर यात्रियों की सूची योजना के संचालक और IRCTC के पर्यावास भवन, भोपाल स्थित कार्यालय को देंगे। सूची और यात्रियों के कागजातों के स्थाई रिकॉर्ड को कलेक्टर सुरक्षित रखेंगे। वायुयान द्वारा तीर्थ यात्रा के लिए पहले चरण में केवल 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक आवेदन कर सकेंगे, लेकिन यात्रा में अटेंडर (सहायक) नहीं ले जा सकेंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जाने वाले अनुरक्षक फ्लाइट के रवाना होने के हर चार घंटे बाद तीर्थ यात्रियों की कुशलता की जानकारी यात्रियों के जिले के कलेक्टर, जिले के नोडल अधिकारी, कार्यालय संचालक, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को बताएंगे।

# राम ही यहां भी पार लगाएंगे नैया ?

## चुनावी साल में फिर याद आया रामवनगमन पथ, विंध्य महाकोशल सहित छत्तीसगढ़ की सीमा तक काफी प्रभावित करेगा यह मुद्दा

**कटनी यशभारत।** अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण चल रहा है। राम मंदिर का मुद्दा देश ही नहीं पूरी दुनिया में छाया रहा। राजनीतिक रूप से इस मुद्दे की बात करें तो कहा यहां तक जाता है कि आज केन्द्र से लेकर तमाम राज्यों तक भाजपा की सत्ता के पीछे राममंदिर ही प्रमुख था। इससे इंकार भी नहीं किया जा सकता क्योंकि राम मदिर निर्माण की मांग को लेकर अब से दो दशक पहले लालकृष्ण आडवाणी की रामरथ यात्रा के बाद से ही भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना वह आज भी कायम है। भाजपा ने राम मंदिर के इस मुद्दे से बीच बीच में किनारा भी किया लेकिन इसे छोड़ा नहीं। खैर यह तो हुई राम मंदिर निर्माण का का मामला अब जब मध्यप्रदेश में चुनावी वर्ष है तो भगवान राम से जुड़ा एक मामला धीरे धीरे प्रदेश की राजनीतिक के में चर्चाओं में आ गया है। दरअसल राम मंदिर की तरह राम वन गमन पथ निर्माण का मुद्दा इस चुनाव में काफी करीब करीब आधे मध्यप्रदेश के लिए काफी अहम होने वाला है। विंध्य और महाकोशल के साथ साथ मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ की सीमा और फिर छत्तीसगढ़ के भी अनेक हिस्से राम वनगमन पथ चुनाव में प्रभावित करेंगे। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है तो छत्तीसगढ़ कांग्रेस के हाथ में है। इधर बात कटनी की करें तो कटनी की दो विधानसभा पहला विजयराघवगढ़ तो दूसरा बड़वारा इस मुद्दे से प्रभावित रहेंगे।

### राम ने 11 साल 11 महीने और 11 दिन का समय गुजारा

भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास मिला। राम के वनवास में सबसे ज्यादा सौभाग्यशाली मध्यप्रदेश रहा है। यहां पर राम ने 11 साल 11 महीने और 11 दिन का समय गुजारा। प्रदेश में राम वन गमन पथ चित्रकूट से अमरकंटक तक 370 किलोमीटर है। कहा जाता है कि चित्रकूट में पग-पग पर राम की निशा नियां बसी हैं। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर बसे चित्रकूट नगरी के विकास के लिए बड़ी बातें की गईं। यहां से ही श्रीराम वन गमन पथ बनना है, लेकिन 14 साल में काम के नाम पर सिर्फ सर्वे हुआ है। संतों का दावा है कि पथ आज भी पगडंडी ही है।






### ऐसा है प्रदेश में राम वन गमन पथ

प्रदेश में सतना जिले के चित्रकूट से राम की वन की यात्रा शुरू होती है। कामतानाथ मंदिर चित्रकूट से राम स्फटिक शिला और गुप्त गोदावरी के बाद सती अनुसुइया आश्रम पहुंचे। ये सभी स्थान सतना जिले में चित्रकूट में स्थित हैं। इसके बाद सलेहा मंदिर पन्ना, मैहर से होते हुए कटनी जिले के विजयराघवढ़ तथा बड़वारा से होते हुए भगवान राम सीता लक्ष्मण आगे रवाना हुए।

### दो रास्तों के होते हैं दावे

भगवान राम के कटनी से आगे जाने के लिए दो रास्तों के दावे होते हैं पहला तो झुकेही पर्वत श्रंखला से होते हुए छत्तीसगढ़ की ओर प्रस्थान तथा दूसरा जबलपुर के शाहपुरा ग्वारी घाट से भी राम के गुजरने की जानकारी मिलती है। फिर यहां से सतना जिले के राम मंदिर तालाधाम से शहडोल के सीतामढ़ी और फिर अमरकंटक पहुंचे। राम के जन्म की सबसे ज्यादा लीला मध्यप्रदेश में ही हुई है, फिर भी यहां का राम वन गमन पथ उपेक्षा का शिकार है।

### कमलनाथ सरकार में शुरू हुआ था राम पथ वन गमन पर काम

2018 में प्रदेश में कमलनाथ सरकार बनी। साल 2019-20 के पहले बजट में कमलनाथ ने राम वन गमन पथ के लिए 22 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। ये काम तत्कालीन धर्मस्व मंत्री पीसी शर्मा के जिम्मे था । इसका पूरा प्रोजेक्ट तैयार हो गया था। चित्रकूट से अमरंकटक के विशेष स्थानों और उनके विकास का पूरा नक्शा भी बना लिया गया था। इसके लिए राम वन गमन समिति का गठन किया गया था। राम वन गमन पथ बनाने के लिए बोर्ड का गठन किया जाना था, लेकिन इससे पहले कि राम वन गमन पथ पर काम शुरू होता प्रदेश की कमलनाथ सरकार गिर गई और चौथी बार शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद राम पथ वन गमन का काम शिवराज सरकार की मंशानुरूप शुरू होने की बात सार्वजनिक हुई पर इसे लेकर अब तक कुछ खास नहीं हो सका। खास बात यह है कि दोनो ही प्रमुख राजनीतिक दल इस बार फिर अपने चुनावी रथ को राम के भरोसे खींचने पर ध्यान रखे हुए हैं।

### चुनाव के पहले बीजेपी सरकार शुरू करेगी काम

चुना वी साल में बीजेपी सरकार का फोकस भी राम वन गमन पथ पर हो गया है। बीजेपी ने इसे दिव्य वनवासी रामलोक का नाम दिया है। इस बार के बजट में 250 करोड़ रुपए सलकनपुर मंदिर, ओरछा के रामरा जा मंदिर और दिव्य वनवासी राम लोक के लिए रखे हैं। अब किस पर कितना खर्च होगा ये अलग बात है। संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर कहती हैं कि जल्द ही चुना व से पहले इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए ट्रस्ट भी बनाया जा रहा है। जो भी हो कटनी जिले से होकर गुजरने वाले रामवनगमन पथ को लेकर लेकर राजनीतिक दल गंभीर हैं कहना अतिश्योक्ति नहीं कि राम मंदिर की तरह ही इस बार राम वन गमन पथ मध्यप्रदेश के कटनी ही नहीं करीब 45 विधानसभा सीटों पर खासा प्रभाव छोड़ने वाला है। देखना है आने वाले समय में इसे राजनीतिक इस पर क्या क्या वादे और दावे करते हैं।






## सरकार से आर पार की लड़ाई में विद्युत अभियंता संघ

**कटनी, यशभारत।** बीते 13 अप्रैल को को विद्युत कंपनियों के विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक अभियन्ता संघ कार्यालय रामपुर जबलपुर मे सम्पन्न हुई। इस बैठक में कटनी से भी अभियंता संघ ने हिस्सा लिया जिसमें कई निर्णय लिए गए। अभियंता संघ के आह्वान पर उपस्थित विद्युत कंपनियों के संगठन के पदाधिकारियों ने बताया की मध्य प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र विषम दौर से गुजर रहा है, विद्युत कंपनियों को निजीकरण करने हेतु लगातार प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है । ऐसी परिस्थिति मे विद्युत कंपनियों को बचाने के लिए सयुक्त प्रयास ही विकल्प है। सरकार द्वारा इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट, टी. बी. सी. बी. और ज्वाइंट वेंचर के माध्यम से कंपनियों को निजीकरण करने की तैयारी कर रही है, जिससे विद्युत कर्मी और पेन्सनर असुरक्षित महसूस कर रहे है तथा भविष्य के प्रति चिंतित है । सरकार और प्रबंधन द्वारा लगातार विद्युत कर्मियों मांगों को नजरंदाज किया जा रहा है, जिसके कारण विद्युत कर्मियों मे रोष व्याप्त है। सभी संगठन प्रमुख ने कहा है कि सरकार और प्रबंधन की हठधर्मिता से सभी विद्युत कर्मी आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है। संयुक्त बैठक मे उपस्थित विद्युत कंपनियों के संगठनो ने कहा है कि जल्दी ही आपसी सहमत से मध्य प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को बचाने के लिए विद्युत कर्मियों एवम विद्युत उपभोक्ताओ के हितों के लिए संयुक्त रूपरेखा के साथ आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। संयुक्त बैठक मे मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ, मध्य प्रदेश यूनाइटेड, फोरम, मध्य प्रदेश पावर इंजीनियर एण्ड इम्प्लाई एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे । अभियंता संघ के महासचिव विकास शुक्ला ने बताया है कि विद्युत कंपनियों को निजीकरण से बचाने तथा विद्युत कर्मियों के हितों की रक्षा हेतु सभी मुख्य संगठनों से चर्चा हो चुकी है जल्द ही सरकार को सयुक्त मांग पत्र दे दिया जाएगा। संयुक्त बैठक मे हितेश तिवारी, व्ही के एस परिहार, अजय मिश्रा, मनोज तिवारी, अनीश सिंघई सुरेश त्रिवेदी, सुबोध बाजपेई, अनुराग नायक, एस. डी. उपाध्याय, सुशील पाल, जितेंद्र तिवारी, अमित दाहिया, प्रसांत, भदोरिया, अर्जुन यादव, एस. के. पचौरी. अंबिकेश शुक्ला, इकबाल खान, महेश रघुवंशी, पुष्पेंद्र पटेल, अरविन्द बैठा, उदित अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा, ब्रिज मोहन विश्वकर्मा, गुलाब सिं,ह नरेश दुबे, सैलेश सोनी सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## कौमी एकता की गंगा जमुनी तहजीब बिखेर रहा रोजाअफ्तार



**कटनी, यशभारत।** शहर में अमन चैन और कौमी एकता बनी रहे इसके लिए नगर निगम के सामने बैंड हाल में कई वर्षो से रोजा अफ्तार का आयोजन किया जाता है जिसके चलते इस वर्ष भी रमजान पर्व के 20 वे जुमा पर जनाब गुलाम मुस्तफा उवैदि नियाजी बाबा साहब की सरपरस्ती में रोजा अफ्तार का कार्यक्रम रखा जिसमे हर वर्ग के लोगो ने रोजा अफ्तार में हिस्सा लिया। रोजा अफ्तार का आयोजन बड़वारा के पूर्व विधायक हाजी गुलाम अहमद परिवार के बरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हारिस रुस्तम भाई द्वारा किया गया वही रोजा अफ्तार मैं सभी नमाजी भाइयो ने देश और शहर में अमन चैन और शांति बनी रहे और सब खुशहाल रहे है इस्की दुआ की। इसके बाद रोजा अफ्तार शुरू हुआ। इस कार्यक्रम पर हिंदू समाज एवं सिंधी समाज एव अन्य धर्मो के लोग शामिल हुए।



### 25 शासकीय सेवकों के डयूटी आदेश जारी

कटनी,यशभारत। अपर कलेक्टर एवं उप निर्वाचन अधिकारी श्री रोमानुस टोप्पो नें ईवीएम-व्हीव्हीपीएटी प्राप्त कर कार्यालयीन अभिलेखों में आनलाईन-आफलाईन प्रविष्टि हेतु जिले के विभिन्न विभागों के 25 शासकीय अधिकारियों के डयूटी आदेश जारी कर जिला ईवीएम वेयर हाउस, निर्वाचन सदन कलेक्ट्रेट के पीछे कटनी में कार्य समाप्ति तक लगाई गई है।

## विविध कार्यक्रमों के बीच भाजपा ने मनाई बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती

### मंडल स्तर पर आयोजित हुए कार्यक्रम, कटनी के तीनों मंडलों में याद किये गए संविधान निर्माता

**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी ने आज अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रत्येक मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किये कटनी नगरीय क्षेत्र में कार्यक्रम समाचार लिखे जाने तक जारी थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा में माल्यार्पण तथा संगोष्ठी का आयोजन समस्त मंडलों व बूथ केंद्रों पर हुआ। जिला अध्यक्ष दीपक सोनी ने कार्यक्रमो में सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व संगठन के वरिष्ठजनों की उपस्थिती में कहा कि हम सभी को डा. भीमराव जी के पूरे जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए आज जिस संविधान को पूरी दुनिया में सराहा जाता है उसके रचियता डा. अंबेडक के आदर्श और उनके बताए कर्तव्य पर चलना ही उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारतीय जनता पार्टी ने आज संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर विविध कार्यक्रम कर बाबा साहेब को नमन किया सम्पूर्ण जिले सहित मुड़वारा विधानसभा के स्थानीय 03 मंडलों में निम्नांकित मुख्य कार्यक्रम आयोजित किये गए जिनमे बड़ी संख्या में भाजपाजन उपस्थित हुए। प्रातः 11.30 बजे माधव नगर मंडल द्वारा पंजाबी धर्मशाला में कार्यक्रम में संविधान निर्माता को नमन किया गया। उपरांत दोपहर मुड़वारा मंडल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिसर, कचहरी चौक, द्वारिका भवन के समीप कार्यक्रम किया गया। सायं 5 बजे न्यू कटनी मंडल द्वारा डॉक्टर अम्बेडकर स्मारक, रेलवे स्कूल के सामने, एस के पी कॉलोनी में कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही थीं। सभी स्थानों पर बाबा साहेब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया गया। संगोष्ठी में भाजपाजनों ने अपने अपनी विचार रखे। पुष्पांजलि कर संगोष्ठी के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। भाजपा द्वारा बाबा साहेब को याद करते हुए सामाजिक न्याय पखवाड़ा के अंतर्गत कटनी जिले के सभी मंडलों में बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी के अंतर्गत उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, वरिष्ठ जनों व मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में प्रत्यक्ष उपस्थिति का आव्हान एक दिन पहले ही किया गया था।



## महिलाओं के सामाजिक उत्थान एवं अपराधों की रोकथाम हेतु मुहिम

### सुजीत लाइजन अधिकारी, दिव्या बनीं टीम मेम्बर

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिला अधिवक्ता संघ सदस्य एडव्होकेट सुजीत द्विवेदी को नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन की चेयरमेन डॉ. नूपुर धमीजा सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता लीगल एक्सपर्ट के द्वारा सामाजिक कार्य एवं महिलाओं के हित में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए दायित्व सौंपा गया है, संस्था के द्वारा महिलाओं के सामाजिक उत्थान एवं महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध के रोकथाम हेतु मुहिम चलाकर पीड़ित महिलाओं को संस्था के माध्यम से न्याय दिलाने का कार्य किया जा रहा है । संस्था का उद्देश्य है कि महिलाएं अपराध, अत्याचार एवं दुष्कर्म जैसे मामलों के प्रति सजग रहे तथा आत्मनिर्भर बने तथा आत्मनिर्भर बनकर समाज को आगे ले जाये, इस हेतु संस्था द्वारा पहल करके संपूर्ण भारत में दो लाख से भी अधिक एडव्होकेट एवं मिडिया कर्मियों तथा सामाजिक व्यक्तियों को जोड़कर सक्रिय रूप से महिला अपराध के नियंत्रण के संबंध में कार्य किया जा रहा है । संस्था द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराध में पीड़िताओं की मदद कर अपराधियों को सजा दिलाई गई है । संस्था के द्वारा निःशुल्क न्याय दिलाया जा रहा है । अशसक्त , आर्थिक रूप से कमजोर तथा गरीब महिलाओं तथा विक्षिप्त महिलाओं एवं नाबालिक बालिकाओं को न्याय दिलाने के साथ-साथ सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। संस्था के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न स्थानों में शासकीय, अशासकीय स्कूल, कॉलेजों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । उत्कृष्ट गौरतलब है कि एडव्होकेट सुजीत द्विवेदी के द्वारा समाज हित में कार्य को देखते हुए लाइजन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है , साथ ही श्रीमती दिव्या द्विवेदी को मुख्य टीम मेम्बर बनाया गया है, उक्त दायित्व के निर्वाहन किये जाने में अधिवक्ता साथियों, मीडियाकर्मी एवं सामाजिक व्यक्तियों को जोड़कर महिला अपराध रोकने के संबंध में तथा निःशुल्क न्याय प्रदान किये जाने हेतु पहल की जायेगी। नया दायित्व सौंपे जाने पर डॉ .नूपुर धमीजा एडव्होकेट सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, एड .भूपेश जायसवाल, एड. राकेश शर्मा, एड .बीएम राठौर, एड. संजय चतुर्वेदी, एड.सुखबीर गरचा, एड. संजीव गट्टानी तथा शुभचिन्तकों एवं जिले के सामाजिक व्यक्तियों द्वारा शुभकामना प्रेषित की है ।





यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

## बरही निवासी छात्र की जबलपुर में सड़क हादसे में मौत

**कटनी, यशभारत।** कटनी के लिए जबलपुर से एक दु :खद खबर मिली है। बरही निवासी एक छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसके 2 दोस्त गम्भीर रूप से जख्मी हैं। घायल एक छात्र भी बरही का रहने वाला है। जबकि एक अन्य अनूपपुर निवासी है। हादसा दो बाइक की टक्कर से हुआ। बरही निवासी 18 वर्षीय लकी गुप्ता जो कि डुमना रोड स्थित हितकारिणी इंजीनियरिंग कालेज में आइटी प्रथम सेमेस्टर का छात्र था। वहीं उसी कालेज में बरही कटनी निवासी 20 वर्षीय दीपांशु पटेल कंप्यूटर साइंस में चौथे सेमेस्टर और अनूपपुर निवासी 22 वर्षीय शिवेश पटेल उर्फ सर्वेश कंप्यूटर साइंस के छठवें सेमेस्टर का छात्र है। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। घटना में लकी को सिर में गंभीर चोटें आई थी। उसके शरीर से अधिक खून भी बह गया था। चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दीपांशु के पैर समेत कालर बोन और शिवेश उर्फ सर्वेश के सिर में भी गंभीर चोटें आई है। यह दोनों युवक एक निजी अस्पताल में भर्ती है, वहीं अंकित का भी उपचार चल रहा है। तीनों कालेज के ही पास किराए से मकान लेकर रह रहे थे। पुलिस पूछताछ में पता चला कि छात्रों को कालेज का प्रोजेक्ट बनाना था। तीनों बुधवार शाम बाइक से इंदिरा मार्केट गए और प्रोजेक्टर तैयार कर डुमना रोड स्थित अपने किराए के मकान में जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ से ककरतला के ग्राम मझगवां में रहने वाला अंकित नेगी मोटर साइकिल से शहर की ओर जा रहा था। वे नेहरा कम्पनी के पास पहुंचे ही थे कि दोनों मोटर साइकिल आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि चारों युवक सड़क पर दूर-दूर जा गिरे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की याद में न्यायालय परिसर में खुला नि:शुल्क प्याऊ

### गर्मी में मिलेगा पक्षकारों को शीतल जल

**कटनी, यशभारत ।** बैशाख मास के पावन अवसर पर शिक्षा की ज्योति जलाने वाले महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की याद में जिला सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ता श्रीमती रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व में निशुल्क प्याऊ केन्द्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला एंव उपाध्यक्ष रविन्द्र जायसवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता सीनियर अधिवक्ता राकेश कुमार शुक्ला ने की विशिष्ट अतिथि, नारायण सेन, राजकुमार बक्शी,ओ पी शर्मा, अजय जायसवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता दुष्यंत गुप्ता, सहित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वप्रथम जिला न्यायालय परिसर में स्थित प्रभु संकटमोचन हनुमानाष्टक मंदिर में प्रभु श्रीराम भक्त हनुमानजी की पूजा अर्चना वंदना कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात रेखा अंजू तिवारी द्वारा इस भीषण गर्मी को महसूस करते हुए आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा शीतल पेय जल की व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिवक्ताओं के करकमलों द्वारा निशुल्क शीतल पेय जल प्याऊ केन्द्र का शुभारंभ किया गया । और उपस्थित सभी सम्मानित बुद्धिजीवियों एवं प्रबुद्धजनों सहित सभी अधिवक्ताओं पदाधिकारियों ने इस तरह के सामाजिक समरसता समभाव मानवता जनहित में किए गए कार्यों की सराहना की और आने-जाने वाले राहगीरों को बच्चों एवं बेटियों, महिलाओं को गुड़ चना प्रेम स्नेह के साथ वितरित करते हुए उन्हें शीतल पेय जल पिलाने की एक सराहनीय पहल की गई । उक्त कार्यक्रम में विशेष सराहनीय सहयोग समाजसेवी सचिन,सौरभ बर्मन एवं जिला सत्र न्यायालय परिसर में गाड़ी स्टैंड दीपू भैया एवं समस्त उनकी टीम का सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान अधिवक्ता शैलेन्द्र जैन,श्रवन सिंह, सत्येन्द्र कुमार शुक्ला, राजकुमार पटेल, सीनियर अधिवक्ता बी एल यादव शैलेश साहू,, सुश्री माही विश्वकर्मा, सुश्री एकता बर्मन, श्रीमती शिखा पांडे, वीणा नामदेव, अमन राजपाल, सीनियर अधिवक्ता विष्णु पटेल, सहित सभी अधिवक्ताओं की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# निजी स्कूलों पर गिरेगी गाज, मनमानी पर लगेगा अंकुश

## निर्धारित दुकानों से पुस्तकें, कॉपियां व यूनीफार्म खरीदने के लिए बाध्य करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** शहर के कतिपय निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से की जा रही लूटखसोट, अनाप-शनाफ फीस की वसूली, निजी पब्लिशर्स से मोटा कमीशन लेकर सिलेबस बदलने एवं महंगी किताबों को खरीदने के खिलाफ यशभारत द्वारा चलाई जा रही मुहिम का असर हुआ है। कलेक्टर ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से पुस्तकों, कॉपियों, शाला गणवेश आदि खरीदने के लिए बाध्य किए जाने पर सख्त रूख अपनाया है। कलेक्टर ने एसडीएम की अध्यक्षता में एक जांच दल बनाया है, जो शिकायतें प्राप्त होने पर जांच करेगा। प्रशासन की इस पहल से निर्धारित दुकानों से पुस्तकें, कॉपियां एवं शाला गणवेश खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य किए जाने पर रोक लगेगी। अब निजी स्कूल संचालकों द्वारा अनाप-शनाफ फीस की वसूली, निजी पब्लिशर्स से मोटा कमीशन लेकर सिलेबस बदलने एवं महंगी किताबों को खरीदने के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की जा रही है।




शहर में निजी स्कूल संचालकों की मनमानी एवं अनाप-शनाप फीस वसूली को लेकर 28 मार्च एवं 31 मार्च को यशभारत में प्रकाशित खबर।

गौरतलब है कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही अभिभावकों की जेब कटना भी शुरू हो गई है। शहर के कई निजी स्कूलों ने कक्षा पहली से लेकर आठवी तक कोर्स ही बदल दिया। निजी पब्लिसर्श से मोटा कमीशन लेकर महंगी किताबों को खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि शहर के कतिपय निजी स्कूलों ने इस बार कई कक्षाओं में कोर्स और किताबों को पूरी तरह से बदल दिया है, जिसके चलते अभिभावकों पर इस साल आर्थिक बोझ बढ़ गया है। सिविल लाइन स्थित सेंटपॉल स्कूल ने कक्षा पहली से लेकर आठवी तक की कई किताबों को बदल दिया। यहां करीब 70 प्रतिशत कोर्स बदल दिया गया। जिससे किताबों के दामों में 20-30 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके अलावा अभिभावकों पर निर्धारित दुकानों से किताबें, कॉपियां एवं यूनीफार्म खरीदने के लिए बाध्य कियाजा रहा है। यशभारत ने अभिभावकों से हो रही लूटखसोट की खबरों को प्रकाशित किया गया, जिसके बाद कलेक्टर ने भी सख्त रूख अपनाया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 16 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पीड़ित अभिभावकों एवं पंजीकृत संगठनों से शिकायत लेने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया है, जो शिकायतों की जांच कर शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दोषी व्यक्तियों और संस्थाओं के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन प्रेषित करेगा।

**कलेक्टर ने बनाया जांच दल, अनाप-शनाप फीस की वसूली व निजी पब्लिशर्स से मोटर कमीशन लेकर सिलेबस बदलने पर भी हो कार्रवाई**

### एसडीएम की अध्यक्षता में बनाया जांच दल

मप्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड से संबंधित कुछ स्कूलों और निजी शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से पठन-पाठन सामग्री, यूनिफार्म व अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने बाध्य किए जाने की लिखित शिकायत उपभोक्ता हितैषी संगठन द्वारा कलेक्टर से की गई। कलेक्टर द्वारा उक्त पंजीकृत संस्था के अधिनियम की धारा 2-6 के तहत प्रस्तुत परिवाद पर कार्यवाही करते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 16 के तहत विद्यार्थियों और अभिभावकों को एक उपभोक्ता वर्ग के रूप में स्वीकार कर प्रताड़ित पाए जाने शिकायतों की जांच के लिए अनुविभागीय स्तर पर जांच दल का गठन किया है। एसडीएम अध्यक्ष और बीईओ, बीआरसी व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल किए गए है।

### स्कूलों की बैठक में अधिनियम से कराएंगे अवगत

कलेक्टर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और पंजीकृत संस्थाओं से आग्रह किया है कि निजी स्कूलों द्वारा की मनमानी से संबंधित शिकायत वे जांच दल से कर सकते हैं, जिनकी जांच दल द्वारा की जाएगी। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर यह दल संबंधित दोषी व्यक्ति अथवा संस्था के विरुद्ध केंद्रीय प्राधिकरण या प्रादेशिक कार्यालय आयुक्त को अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। कलेक्टर ने सभी जांच दल अध्यक्षों को अपने क्षेत्र की समस्त निजी शालाओं और शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों की बैठक लेकर अधिनियम से अवगत कराने निर्देशित किया है।

### क्या कहती है यह धारा

उल्लेखनीय है कि निजी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए अभिभावक एक उपभोक्ता वर्ग है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 16 ऐसे ही उपभोक्ता वर्ग के अधिकारों का संरक्षण करती है। इस वर्ग से अनुचित व्यापारिक व्यवहार या अनुचित पद्धति से किसी माल के विक्रय, उपयोग या प्रदाय के संप्रवर्तन के प्रयोजन को प्रतिबंधित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को जांच करने या कराने की शक्ति प्रदान करती है।



# ...तो आने वाले दिनों में होगी भूसे की किल्लत

**किसानों से खरीदकर दूसरे जिलों में भेज रहे भूसा, जिला प्रशासन ने जारी नहीं किया प्रतिबंधात्मक आदेश**

**कटनी, यशभारत।** रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की थ्रेसिंग शुरू होते ही भूसा व्यापारी खेतों में जाकर खरीदी करने लगे हैं। यहां से भूसा खरीदी कर दूसरे जिलों और राज्यों में भेजा जा रहा है। क्षेत्र का भूसा बाहर जाने से आने वाले दिनों में जिले में जानवरों के लिए भूसे की किल्लत होगी और फिर पशुपालकों को महंगे दामों पर भूसा खरीदना पड़ेगा। भूसा व्यापारियों द्वारा अभी 400-500 रुपए क्विंटल में भूसा खरीदा जा रहा है। कुछ यहीं स्टॉक कर रहे हैं, तो कुछ दूसरे शहरों में महंगे दामों पर भूसा भेज रहे। दूसरी जगह भूसा भेजे जाने से कुछ दिनों बाद ही भूसे की किल्लत शुरू हो जाती है और फिर पशुपालकों को 700-800 रूपए प्रति क्विंटल भूसा खरीदना पड़ेगा। इस ओर अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि पिछले वर्ष कलेक्टर द्वारा क्षेत्र का भूसा दूसरे जिलों व राज्यो में भेजे जाने पर रोक भी लगाई गई थी, लेकिन इस वर्ष अभी तक आदेश जारी नहीं किया गया हैए जिसका लाभ व्यापारी उठा रहे हैं। भूसा से लोड ट्रॉलियां रातों में परियट व जबलपुर के लिए क्षेत्र से निकलती है। स्लीमनाबाद व बहोरीबंद तहसील क्षेत्र में भूसा बाहर भेजे जाने का क्रम जोरों से शुरू हो गया है। बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र में 5 गौशाला संचालित हैं। इन संचालित गौशालाओं में भी भूसा का संकट आ जाता है और दाम इतने ज्यादा हो जाते हैं कि मिलने वाली राशि में भूसा खरीदना मुश्किल हो जाता है। भूसा के दाम बढ़ने से दूध के दामों में भी लगातार इजाफा हो रहा हैए जिससे लोगों के किचन का बजट बिगड़ रहा है। यदि क्षेत्र का भूसा बाहर न भेजा जाएए तो पर्याप्त मात्रा में सस्ते दामों पर पशुपालकों को भूसा मिलता रहेगा। क्योंकि वर्तमान समय में गेंहू की 60 फीसदी कटाई हार्वेस्टर से हो जाती है। शेष 40 फीसदी कटाई ही मजदूरों व कृषक स्वयं करते है।

### जांच में पाया गया शासकीय भूमि में कब्जा, होगी कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** ग्राम पंचायत रामपुर के गांव परासी में शासकीय भूमि पर कब्जा किए जाने के मामले की जांच के दौरान पटवारी ने शासकीय भूमि पर कब्जा पाया। पंचनामा कार्रवाई कर प्रतिवेदन तैयार किया। पटवारी ने बताया कि जांच का प्रतिवेदन तहसीलदार को भेजा गया है। तहसीलदार ने बताया कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई होगी। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के रामपुर के परासी गांव में खसरा नम्बर 88, जो कि मप्र शासन के शासकीय रिकॉर्ड में घास मद में दर्ज है। भूमि पर मटभौना निवासी भूरा यादव द्वारा तारबाड़ी लगाकर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, जिससे किसानों, ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले मोहन यादव, भूरा यादव ने गेहूं की फसल की कटाई के बाद नरवाई में आग लगाई। शासकीय जमीन की जुताई कराकर फिर से फसल की बोवनी कर दी।

### दुर्दशा का शिकार साधूराम स्कूल



दिन में पार्किंग, रात को सुरा प्रेमियों की महफिल। साधूराम स्कूल में पिछले काफी समय से यही सब चल रहा है लेकिन शहर की इस ऐतिहासिक धरोहर की बदहाली दूर करने की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम द्वारा संचालित इस विद्यालय से एक से बढ़कर एक छात्र निकले हैं, जिन्होंने पूरे देश में नाम रोशन किया है, इसके बाद भी जनप्रतिनिधियों और नगर निगम प्रशासन द्वारा स्कूल के जीर्णोद्धार की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे यह स्कूल बदहाली का शिकार है।

# 17 अप्रैल को मनाई जाएगी संत सेन महाराज की जयंती

### कल इंद्रानगर से निकलेगी वाहन रैली



**कटनी, यशभारत।** सेन समाज कटनी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत सेन महाराज की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी रामानंद के अनन्य अनुयायी, प्रेम, भक्ति, सेवा के अग्रदूत संत सेन जी महाराज की 723वी जयंती वैशाख कृष्ण द्वादशी सोमवार 17 अप्रैल को सनातन सामाजिक समरसता संकल्प के साथ मनाई जा रही है। इसी कड़ी में कल 15 अप्रैल शनिवार को इंद्रा नगर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से श्रीवास पंचायती मंदिर तक विशाल वाहन रैली सुबह 8 बजे से निकाली जाएगी। जयंती समारोह के अंतर्गत 17 अप्रैल को विशाल एवं भव्य शोभायात्रा 17 अप्रैल सोमवार को दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से श्रीवास पंचायती मंदिर तक प्रातः 9 बजे से निकाली जाएगी। इस अवसर पर पूजन, भजन एवं संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में दोपहर 12 बजे से वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक संदीप जायसवाल एवं अध्यक्षता महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा की जाएगी। समस्त सेन समाज एवं सेन युवा समाज प्रगति संगठन ने समस्त स्वाजातीय बंधुओं से वाहन रैली एवं शोभायात्रा में पहुंचकर सफल बनाने का आग्रह किया है।

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

**पश्चिम मध्य रेल्वे**
**वाणिज्य विभाग**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।

| Category | Catalogue No. | Lot No. | Asset Details | Auction End |
|---|---|---|---|---|
| Parking | JBP-C-Parking-21 | Parking-JBP-KTE -MX-6-23-1 | कटनी स्टेशन के डाउन साइड पर साईकिल/स्कूटर/कार पार्किंग स्टेंड के लाइसेंस हेतु | 26.04.2023 11:30 hrs. |
| | | Parking-JBP-GAR-MX-25-23-1 | गाडरवारा स्टेशन पर साईकिल/स्कूटर/कार पार्किंग स्टेंड के लाइसेंस हेतु | 26.04.2023 11:40 hrs. |
| | | Parking-JBP-UHR-MX-18-23-1 | उंचेहरा स्टेशन पर साईकिल/स्कूटर/कार पार्किंग स्टेंड के लाइसेंस हेतु | 26.04.2023 11:50 hrs. |
| | | Parking-JBP-MWJ-MX-8-23-1 | मडवासग्राम स्टेशन पर साईकिल/स्कूटर/कार पार्किंग स्टेंड के लाइसेंस हेतु | 26.04.2023 12:00 hrs. |

Auction Start (All Lots): 26.04.2023, 11:00 hrs. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

# सरकारी स्कूलों में बाबुओं की मनमानी, बिना चढ़ोत्री नहीं हो रहे कोई काम

## जिला शिक्षा अधिकारी एवं शासन के निर्देशों के बाद भी गोपनीय चरित्रावली भरकर जमा करने में नियमों की अवहेलना

**कटनी, यशभारत।** शहर के सरकारी स्कूलों में पदस्थ कर्मचारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं। शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के छोटे-छोटे से कामों के लिए खुलेआम चढ़ोत्री की मांग की जा रही है। बिना चढ़ोत्री लिए कोई भी काम नहीं किया जा रहा है। कर्मचारी नेताओं के कामों को तवज्जो दी जाती है और बिना पहुंच वाले शिक्षकों के कामों को लेकर जबरन टालामटोली की जा रही है। गोपनीय चरित्रावली के अलावा जीपीएफ पासबुक, एरियर्स, बिल और वेतन पत्रकों को भरकर जिला कोषालय में जमा करने में इनके द्वारा लेटलतीफी की जा रही है और यह सब वरिष्ठ अधिकारियों के संरक्षण में किया जा रहा है। इस पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्यों और स्कूलों के प्राचार्यों की संलिप्तता भी सामने आई है। स्कूलों में पदस्थ लेखापाल व लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की शिकायतों की लंबी फेहरिस्त होने के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शिकायतों में बताया गया है कि शहर के एनकेजे, वेंकट वार्ड, कैलवाराकला, सिविल लाइन सहित कुछ स्कूलें ऐसी हैं, जहां सबसे ज्यादा शिकायतें हैं, इसके बाद भी यहां कार्यरत कर्मचारियों के खिलाफ अने वाली शिकायतों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है। यही कारण है कि लेखापाल कर्मचारियों के हौंसले बुलंद हैं और वे अपने आगे किसी को कुछ नहीं समझते। कुछ कर्मचारी तो ऐसे हैं, जो बिना टेबल पर नजराना रखवाए कलम तक नहीं उठाते। इस तरह के कामों से होने वाली दो नंबर की उगाही का हिस्सा ऊपर तक पहुंचाया जाता है, जिसके बदले उन्हें इन अवैध कामों के लिए संरक्षण मिलता है। शिक्षकों की परेशानियों को देखते हुए शासकीय शिक्षक संगठन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से पूरे मामले की शिकायत की गई है। जिस पर डीईओ पी पी सिंह ने गोपनीय चरित्रावली को लेकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी व संकुल प्राचार्यों को पत्र लिखकर रोष भी जताया है। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उच्च श्रेणी शिक्षक, प्रधान अध्यापक, माध्यमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान, नवीन संवर्ग उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, खेलकूद शिक्षक श्रेणी, प्रयोग शाला शिक्षक, खेलकूद शिक्षक श्रेणी व लिपिकीय संवर्ग में सहायक ग्रेड-3, सहायक ग्रेड-2, लेखापाल आदि के प्रस्ताव 31 मार्च तक जमा कराने के लिए कहा गया था, गोपनीय चरित्रावली बीईओ व संकुल प्राचार्यों द्वारा तैयार न करते हुए संबंधित शासकीय सेवकों से तैयार कराई जा रही है, जो कि वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों के विपरीत है। निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि गोपनीय चरित्रावली विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से 17 अप्रैल तक प्रस्तुत की जाए। लोकसेवकों की मार्च 2016 से मार्च 2022 तक की अवधि की गोपनीय चरित्रावली उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित करने के बाद भी वरिष्ठ कार्यालय को गोपनीय चरित्रावली उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे लोक सेवक, जिनके द्वारा समय पर गोपनीय चरित्रावली भरकर जमा नहीं की गई, ऐसे लोक सेवकों की जानकारी तथा जिनके द्वारा भरकर उपलब्ध करायी गयी है, परन्तु बीईओ व संकुल प्राचार्य स्तर पर लंबित रखा गया है की जानकारी दी जाए। व्याख्याता एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की मार्च 2016 से मार्च 2022 तक की अवधि की गोपनीय चरित्रावली भी जमा की जाए।



### शासकीय शिक्षक संगठन ने की शिकायत, डीईओ ने बीईओ व संकुल प्राचार्यों को लगाई फटकार

**नीरज सिनेप्लेक्स में**
**ऑल इंडिया रिलीज**




रोजाना 4 शो ता. 21 से 12,3,6 एवं रात्रि 9 बजे से

ईद के अवसर पर आ रहा है, आपका भाई और आपकी जान धमाकेदार एन्ट्री के साथ सपरिवार देखने योग्य फिल्म

**किसी का भाई किसी की जान**

कलाकार- सलमान खान, पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश, अभिमन्यु सिंह आदि।

नोट- एडवांस बुकिंग 18 अप्रेल से चालू है

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलटी स्वास्थ्य सेवाएं
mgm HOSPITAL
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी**

डॉ. एस.के.गुप्ता — दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह — M.B.B.S., M.S, F.M.A.S (GEN. & Laparoscopy Surgeon) — कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता — M.B.B.S., M.S (ORTHO) Bone & Fracture Specialist — फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रवि कुमार — M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) — कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ.मानसी गुप्ता — मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा — स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट

सुपर स्पेशिलटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस

24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

**सिटी मॉल बरही रोड में**
**ऑल इंडिया रिलीज**




14 अप्रैल से रोजाना 5 शो
11.00 AM-2D (AUDI-1)
01.00 PM-2D (AUDI-1)
03.00 PM-2D (AUDI-1)
05.00 PM-2D (AUDI-1)
07.00 PM-2D (AUDI-1)

**सुपर मारियो 2डी**

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
**भीड़ से भरा शानदार तीसरा सप्ताह**




14 अप्रेल से रोजाना 4 शो
12.30 PM-2D (AUDI-2)
3.30 PM-2D (AUDI-2)
6.30 PM-2D (AUDI-2)
9.30 PM-2D (AUDI-2)

**भोला**

कलाकार- अजय देवगमन, पुनीत, संजय मिश्रा, गजराज राव, विनीत कुमार आदि।

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## शादी से 3 महीने पहले कराया था अबॉर्शन

# सुहाग की सेज पर खुला राज, पति बदहवास

**भोपाल, ईएमएस।** प्रेम में लोकलाज भूलकर कुछ भी कर गुजरने की अनेक तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं. कई मामले तो इतने चौंकाने वाले होते हैं कि उन पर सहज ही विश्वास नहीं होता है. विवाहेतर संबंध तो और भी खतरनाक होते हैं. इस तरह के प्रेम प्रसंग में कई तरह के अपराध को भी अंजाम दिया जाता है. मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले में एक ऐसी ही घटना सामने आई है. घटना पुरानी है, लेकिन इसे जिस तरह से अंजाम दिया गया वह अन्य लोगों के लिए एक सबक की तरह है. पुलिस ने एक शख्स के हत्याकांड से जब पर्दा उठाया तो हर कोई अचंभित रह गया और यह सोचने पर मजबूर हुआ कि आखिर इस तरह से भी हत्या की जा सकती है.

यह मामला जिला मुख्यालय से तकरीबन 4 किलोमीटर दूर स्थित वैजनाथ निपानिया गांव का है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने तकरीबन एक महीने की छानबीन के बाद मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने का दावा किया. हत्याकांड का रहस्य जानकर पुलिस भी चकरा गई. बताया जाता है कि एक शख्स की हत्या कर दी गई थी. उसकी पहचान नूर मोहम्मद के तौर पर की गई थी. नूर मोहम्मद ने मौत से एक साल पहले सुहैल को उसकी सुहागरात पर फोन किया था. नूर मोहम्मद ने कहा था, 'एक बात सुन. तुमने जिस महिला से निकाह की है, उससे दूर रहना. वह मेरी है. अब समझ लेज्तुमने जिससे शादी की है उससे मेरे रिलेशन थे, हैं और हमेशा रहेंगे. तुमने उससे शादी तो कर ली है, लेकिन उससे दूर ही रहना वरना ठीक नहीं होगा.'



### नूर मोहम्मद ने की 3 शादियां

शुरुआती जांच में हत्यारे के बारे में कुछ पता नहीं चल सका. इसके बाद पुलिस ने हत्यारोपियों की पहचान बताने वालों को 10 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की. इस बीच, पुलिस नूर मोहम्मद से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी जुटाने में जुटी रही. पता चला कि मृतक नूर मोहम्मद ने 3 शादियां की थीं और वह तीसरी बीवी के साथ ससुराल में ही रह रहा था. छानबीन में पता चला कि एक शख्स नूर की हत्या के बाद न तो उनके घर गया था और न ही अंतिम संस्कार में ही शामिल हुआ था. वह शख्स कोई और नहीं, बल्कि नूर मोहम्मद का साढ़ू सुहैल था. नूर की साली की शादी सुहैल के साथ हुई थी।

### यह है पूरा मामला

आगर मालवा जिला मुख्यालय से तकरीबन 4 किलोमीटर दूर वैजनाथ निपानिया गांव में 1 दिसंबर 2021 को रात 10 बजे बेचैन करने वाली घटना सामने आई. गांव में एक कारोबारी का उनके घर के बाहर ही बेरहमी से हत्या कर दी गई थी. हत्याकांड की वीभत्सता को इसी से समझा जा सकता है कि मृतक के शरीर पर जख्म के 16 निशान पाए गए थे. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी. घटनास्थल से लाश और एक दस्ताने के सिवाय और कुछ नहीं मिला. छानबीन के दौरान मरने वाले की पहचान 44 वर्षीय नूर मोहम्मद के तौर पर की गई थी. नूर मोहम्मद इसी गांव में घर जमाई के तौर पर रहता था.

### साली से अवैध रिश्ता

पुलिस को शक हुआ तो सुहैल को थाने बुलाकर उससे पूछताछ की गई. सुहैल ने बड़ी चालाकी से पुलिस को चकमा देते हुए नूर मोहम्मद के अंतिम संस्कार में शामिल न होने की कई वजहें गिना डालीं. हालांकि, सुहैल पुलिस के रडार पर बना रहा. इस दौरान पुलिस को मुखबिर से चौंकाने वाली बात पता चली. मुखबिर ने बताया कि नूर मोहम्मद के अपनी साली से गहरे रिश्ते थे. यह वही युवती है।

# उपार्जन केंद्र पर अधिक गेहूं तौल लगा रहे थे किसानों को चपत

## समिति प्रबंधक निलंबित

**भोपाल,यशभारत।** जिले में किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य उपार्जन केंद्रों पर चल रहा है। इन केंद्रों पर गेहूं तुलाई में गड़बड़ी बरती जा रही है।इसकी शिकायत निरंतर कलेक्टर को मिल रही थी। इससे कलेक्टर ने बुधवार को उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी तो पता चला कि एक केंद्र पर फर्जीवाड़ा कर 220 ग्राम अधिक गेहूं तौल रहे थे। गड़बड़ी मिलने पर कलेक्टर आशीष सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समिति के प्रबंधक को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसानों से यदि गेहूं खरीदी में गड़बड़ी की गई तो केंद्र संचालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### 50 किलो 580 ग्राम की तुलाई में कर रहे थे हेरफेर

ग्राम पंचायत तूमड़ा के उपार्जन केंद्र पर कलेक्टर आशीष सिंह बुधवार को निरीक्षण करने पहुंचे। जहां एक किसान ने अपनी शिकायत में बताया कि तूमड़ा समिति द्वारा एक बोरे में 50 किलो 580 ग्राम के स्थान पर 50 किलो 800 ग्राम की तुलाई की जा रही है। इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद जिला आपूर्ति अधिकारी मीना मालाकार, एसडीएम आकाश श्रीवास्तव, तहसीलदार चंद्रशेखर श्रीवास्तव को जांच करने के निर्देश दिए। जब अधिकारियों नेजांच की तो पता चला कि किसानों से प्रति बोरा निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं तौल में लिया जा रहा है। जांच में अनियमितता मिलने पर कलेक्टर ने समिति के प्रबंधक मनोज माली को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।कलेक्टर ने केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त छायादार बैठने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए। किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बता दें कि सहकारी समिति तूमड़ा द्वारा धनवंती वेयरहाउस पर उपार्जन केंद्र संचालित किया जा रहा है।

### बनाए गए हैं 85 उपार्जन केंद्र

जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया कि जिले में गेहूं खरीदी के लिए 85 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए है। इन सभी केंद्रों पर किसान स्लाट बुक कर पूर्व से ही टोकन लेकर गेहूं का विक्रय कर सकेंगे। अब तक 11 हजार 390 किसानों से कुल 1 लाख 4861 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी की जा चुकी है।

# बावड़ी में मिला युवक का सड़ा-गला शव

## कपड़ों से हुई पहचान

**भोपाल, यशभारत।** कटारा हिल्स पुलिस ने बंद पड़ी बावड़ी से एक युवक का शव बरामद किया। शव करीब दो हफ्ते पुराना बताया जा रहा है। इस कारण शव पूरी तरह से सड़ चुका था। परिजनों ने कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान की। वह तीन सप्ताह पहले घर से बगैर बताए लापता हो गया था, जिसकी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।



पुलिस के मुताबिक रोहित धुर्वे (29) ग्राम बगरौदा कटारा हिल्स का रहने वाला था। पिछले महीने 16 मार्च को वह घर से बगैर बताए लापता हो गया था। तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसके बाद से परिजन और पुलिस रोहित की तलाश कर रहे थे। मंगलवार शाम को भाई प्रशांत धुर्वे को सूचना मिली कि बगरौदा की बंद पड़ी बावड़ी में किसी की लाश पड़ी है। प्रशांत मौके पर पहुंचा तो कपड़ों के आधार पर शव की पहचान अपने भाई रोहित के रूप में की। पुलिस मौके पर पहुंची तो बावड़ी में अंदर पहुंचना काफी मुश्किल था। पुलिस ने जेसीबी मशीन बुलाई और उसके बकेट पर एक व्यक्ति को बिठाकर बावड़ी के अंदर पहुंचाया। उसके बाद लाश बाहर निकाली जा सकी। रोहित बावड़ी के अंदर कैसे गिरा, इसकी जांच की जा रही है। उधर, रातीबड़ पुलिस ने एक युवक की कुएं से सड़ी-गली लाश बरामद की। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। हुलिए के आधार पर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक ग्राम बड़झिरी में करतार सिंह का खेत है, जहां कुआं बना हुआ है। मंगलवार शाम को कुएं में लाश पड़ी होने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो अंदर एक व्यक्ति की कई दिन पुरानी लाश दिखी। पुलिस ने सीढ़ी की मदद से कुएं में नीचे पहुंची।



# रोजगार मेले में बोले केंद्रीय मंत्री सिंधिया- सशक्त और कुशल युवा यही हमारा संकल्प

**भोपाल, ईएमएस।** केंद्र सरकार युवाओं को नौकरी देने के लिए विशेष भर्ती अभियान चला रही है। इस सिलसिले में गुरुवार को आयोजित रोजगार मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 71 हजार युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपे। इसको लेकर प्रदेश की राजधानी भोपाल के टीटी नगर में स्थित समन्वय भवन में भी विशेष रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए हैं। यहां उन्होंने केंद्रीय शासकीय सेवाओं में चयनित प्रदेश के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे और चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सशक्त युवा और कुशल युवा यही हमारा संकल्प है। हम निजी क्षेत्र के साथ जुगलबंदी करके काम कर रहे हैं। 10 लाख रोजगार सृजित किए जायेगें। पिछली सरकारों में युवाओं को नौकरियों के लिए आफिस के बाहर लाइन लगानी पड़ती थी, सीवी देना पड़ता था। सरकारी महकमों के अगर कोई रिक्त जगह होती थी तो सालोंसाल वेकेंसी भरी नही जाती थी।

# जहांगीराबाद में दो पक्षों के बीच हिंसक टकराव

**पुलिस बल तैनात**

**भोपाल, यशभारत।** शहर के जहांगीराबाद इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक समुदाय के कुछ लड़कों ने दूसरे समुदाय के एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना बुधवार रात की है। इन लड़कों का युवक पर आरोप था कि वह उनके समुदाय की लड़की से बात क्यों कर रहा था। युवक से मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। पथराव हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी। देर रात तक यहां सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल किसी को हिरासत में नहीं लिया गया।जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे एक्सटॉल कालेज चौराहे के पास चाट के ठेले पर कुछ लोग चाट खा रहे थे। इनमें एक समुदाय विशेष की लड़की से दूसरे समुदाय का युवक बात कर रहा था। यह देख लड़की के समुदाय से कुछ लड़के आ गए। उन्हें यह बात इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। चीख-पुकार की आवाज सुनकर भीड़ जमा हो गई। जल्द ही दोनों पक्षों के लोग सामने आ गए। एक समुदाय की ओर से पथराव किया गया। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। भीड़ पर काबू पाने और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां बरसाई।

### बावड़ी में मिला युवक का सड़ा-गला शव, कपड़ों से हुई पहचान

भोपाल , यशभारत। राजधानी की कोलार तहसील के शाहपुरा क्षेत्र में प्रशासन ने बुधवार को नगर निगम और पुलिस की मदद से एक भूखंड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जिस जमीन पर अतिक्रमण हटाया गया, उसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। तहसीलदार मनीष शर्मा ने बताया कि गुलमोहर रेडिसन होटल के सामने स्थित एक करोड़ की भूमि पर भगत सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत और पवन सिंह ने कब्जा कर रौनक ट्रेडर्स एवं पवन ट्रेडर्स नाम से कारोबार खोल रखा था। जबकि सरकारी रिकार्ड में यह जमीन वीरेंद्र सिंह शेखावत और पांडे के नाम पर है। दोनों पक्ष में शुरू से विवाद चला आ रहा था, निगम ने पूर्व में कार्रवाई की थी।

# नाबालिग छात्रा से दोस्त ने किया दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर करने लगा ब्लैकमेल

**भोपाल ।** कमला नगर पुलिस ने एक स्कूली छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट और मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपित से छात्रा की दोस्ती इंटरनेट मीडिया के जरिए हुई थी। किशोरी को आरोपित अपने दोस्त के कमरे पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह उसके अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। कमला नगर थाना पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी कक्षा 11वीं में पढ़ती है। करीब चार साल पहले इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उसकी दोस्ती रातीबढ़ निवासी आदित्य नामक युवक से हुई थी। जुलाई 2019 में आदित्य छात्रा को काम के बहाने अपने दोस्त के घर लेकर पहुंचा और अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए थे, जिसे वह वायरल करने की धमकी देकर वह पीड़िता का शोषण करने लगा। कुछ समय पहले छात्रा ने उससे मिलने से इंकार किया तो उसने छात्रा के साथ मारपीट कर दी। उसके बाद किशोरी ने उससे बातचीत बंद कर दी। दो दिन पहले आरोपित आदित्य ने किशोरी के परिजनों को फोन कर दिया। परिजनों ने जब छात्रा से इस बारे में पूछताछ की तो उसने आदित्य की करतूत के बारे में बताया। इसके बाद छात्रा ने स्वजन के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।



# दिग्विजय बोले- भाजपा में सीएम पद के सात दावेदार सूट सिलवाकर बैठे, नरोत्तम ने किया पलटवार

**भोपाल, यशभारत।** चुनावी साल में प्रदेश के दोनों प्रमुख दलों के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कल सागर में यह बयान दिया था कि भाजपा में सात-सात नेता मुख्यमंत्री बनने को तैयार हैं और सूट सिलवाकर बैठे हैं, लेकिन कांग्रेस में चुनाव परिणाम आने के बाद केवल कमलनाथ ही मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके इस बयान पर प्रदेश के गृहमंत्री और भाजपा नेता डा. नरोत्तम मिश्रा ने पलटवार किया। गुरुवार सुबह मीडियाकर्मियों से चर्चा के दौरान नरोत्तम ने दिग्विजय के इसी बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह ने पहले पूरी कांग्रेस को उधेड़ कर फेंक दिया और अब वह हमारे सूटों की सिलाई पर ध्यान दे रहे हैं। दरअसल, दिग्विजय कांग्रेस में जैमर का काम कर रहे हैं। जो बचा-खुचा कांग्रेस का नेटवर्क है, उसको भी ध्वस्त करके मानेंगे। दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश में अपने चुनावी दौरे के जरिए कांग्रेस पार्टी को निपटाने का काम कर रहे हैं।



# मध्य प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देंगी सहकारी समितियां, खाद के उत्पादन से भी जुड़ेंगी

**भोपाल , ईएमएस।** मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार सहकारिता के क्षेत्र में नवाचार करने जा रही है। खाद-बीज, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण और उपार्जन का काम करने वाली सहकारी समितियां अब किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने का काम भी करेंगी। ये किसानों को इसके लाभ बताएंगी और विपणन व्यवस्था से भी जुड़ेंगी।

जैविक खाद के उत्पादन से भी इन्हें जोड़ा जाएगा। इसके लिए चार हजार 536 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को नवगठित होने वाले राज्य जैविक सहकारी महासंघ का सदस्य बनाया जाएगा। महासंघ के गठन के लिए पंजीयक राज्य सहकारी संस्थाएं को आवेदन किया जा चुका है। प्रदेश में जैविक खेती का कुल क्षेत्र 16 लाख 37 हजार हेक्टेयर है। वर्ष 2021-22 में जैविक उत्पाद का उत्पादन 14 लाख टन रहा है। पांच लाख टन से अधिक जैविक उत्पाद निर्यात किए गए थे। इसे और विस्तार देने के लिए सरकार ने जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने कृषि, उद्यानिकी के साथ सहकारिता विभाग को जोड़ा है। सहकारिता विभाग ने केंद्र सरकार की पहल पर नए क्षेत्रों में सहकारी समितियां गठित करने की कार्ययोजना बनाई है। इसके अंतर्गत जैविक सहकारी महासंघ का गठन किया जा रहा है। इसमें नई समितियां बनाने के साथ सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को सदस्य बनाया जाएगा ताकि वे किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित कर सकें। प्रदेश की सहकारी समितियों से 50 लाख किसान जुड़े हैं। इसे देखते हुए सहकारी समितियों को महासंघ का सदस्य बनाया जा रहा है। समितियां उत्पाद की ब्रांडिंग और मार्केटिंग का काम देखेंगी। किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराएंगे और विपणन केंद्र के रूप में काम भी करेंगी। दरअसल, अभी सबसे बड़ी समस्या जैविक उत्पाद के विपणन की ही है। यही कारण है कि किसान जैविक खेती करने के लिए आसानी से तैयार नहीं होते हैं। कुछ समितियों को खाद बनाने के काम में भी लगाया जाएगा।



# पुराने विवाद को लेकर छात्रों के दो गुटों में चले लात-घूंसे

**भोपाल, यशभारत।** गोविंदपुरा इलाके में मंगलवार दोपहर छात्रों के दो गुटों में मामूली विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में करीब आधा दर्जन छात्रों को चोट आई है। मामला थाने तक पहुंचा पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर केस दर्ज किया है।पुलिस के मुताबिक सौरभ रत्नाकर (22) साकेत नगर बागसेवनिया में रहता है और निजी विश्वविद्यालय से एमबीए की पढ़ाई कर रहा है। सौरभ ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह शक्ति नगर स्थित रेस्टोरेंट के बाहर अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी समर्थ व्यास, ऐश्वर्य पटेल पहुंचे। कालेज प्रबंधन से शिकायत की बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। सौरभ ने विरोध किया तो दोनों ने अपने दोस्तों मोंटी सिंह, दाउद उर्फ गोल्डन, कुशाग्र मोनिया, रिदम संतोष और सूरज सिंह के साथ मिलकर मारपीट कर दी। इस दौरान सौरभ के दोस्तों ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर, दूसरे पक्ष के आदित्य वर्मा (18) निवासी पंजाबी बाग अशोका गार्डन की रिपोर्ट पर सोहेल खान, अल्तमस, सौरभ रत्नाकर, मोहित अग्निहोत्री और अवतार राजपूत के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। आदित्य ने पुलिस को बताया कि वह प्रथम वर्ष का छात्र है। मंगलवार को दोस्तों के साथ होटल के सामने चाय पी रहा था(



## चार लाख यूनिट रक्त की और जरूरत

# 36 जिला अस्पतालों में रक्त अवयव अलग करने की लगेंगी मशीन

**भोपाल यशभारत। आने वाले समय में प्रदेश में रक्त की कमी दूर करने में बड़ी मदद मिल जाएगी। प्रदेश के 36 जिला अस्पतालों में रक्त अवयव अलग करने के लिए मशीनें लगाई जा रही हैं। तीन वर्ष से चल रहे प्रयास के बाद कंपनी का चयन हो गया है। इसका लाभ यह होगा कि रोगी को रक्त के जिस अवयव की आवश्यकता है, वही चढ़ाया जाएगा।**

इसके अलावा च्वक्लियाज्ञ मशीन लगाई जाएंगी। इसमें सभी जांचें स्वचलित होंगी, जिससे जांचों में मानवीय त्रुटि का डर नहीं रहेगा। बता दें कि रक्तदान के दौरान मिले रक्त की हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, यौन संक्रामक रोग का पता लगाने के लिए वीडीआरएल, एचआइवी और मलेरिया की जांच की जाती है। ठीक से जांच नहीं होने पर संक्रमित रक्त मरीज को चढ़ने का खतरा रहता है।

इसी तरह से रक्त की क्रास मैचिंग भी स्वचलित मशीन से की जाएगी। अभी यह काम लैब टेक्नीशियन करते हैं, जिसमें एक से डेढ़ घंटे का समय लग जाता है। गलती होने की आंशका भी रहती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी को कार्य शुरू करने के लिए कार्य आदेश जारी किया जा रहा है। इसके बाद से लगभग तीन माह नई व्यवस्था शुरू करने में लगेंगे। यानी जुलाई-अगस्त से यह सुविधाएं शुरू हो सकती हैं। शुरू में उन ब्लड बैंकों को लिया गया है जहां रक्त का संग्रहण ज्यादा होता है।



### यहां पहले से मौजूद है सुविधा

सागर, शहडोल, उज्जैन, सतना , छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, छतरपुर, शिवपुरी, खरगोन, गुना, रतलाम, मंदसौर, बड़वानी और नरसिंहपुर में पहले से रक्त अवयव अलग करने के लिए मशीनें लगी हैं। मेडिकल कालेज से संबद्ध अस्पतालों में भी यह सुविधा है।

### खून के अवयव और जरूरत

इसमें पांच मुख्य अवयव होते हैं। सबसे ज्यादा जरूरत आरबीसी की होती है। हीमोग्लोबिन कम होने पर इसे चढ़ाया जाता है। दूसरा है प्लेटलेट्स।

# डीबीटी इनेबल्ड और बैंक खातों को आधार से करें लिंक

## कलेक्टर अवि प्रसाद ने लाड़ली बहना योजना की वर्चुअली समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के ऑनलाइन आवेदन पत्रों को दर्ज करने के साथ-साथ ई-केवायसी और खातों को डीबीटी इनेबल्ड करानें के निर्देश दिए है। श्री प्रसाद ने गूगल मीट के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के आवेदनों और ई-केवायसी कार्यो की प्रगति की वर्चुअली समीक्षा कर रहे थे। वर्चुअली समीक्षा के दौरान जिला पंचायत कि सीईओ शिशिर गेमावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, सभी एस.डी.एम, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेस सौरभ नामदेव, जनपद पंचायतों के सीईओ और नगर परिषदों के सभी सीएमओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने नगर निगम कटनी में लाड़ली बहना योजना के आवेदन पत्रों के पंजीयन की मंथर गति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होने जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह को निर्देशित किया कि वे नगरीय क्षेत्र में मोबिलाइजेशन कार्य हेतु आंगनबाडी कार्यकर्ता की डियूटी लगायें। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य एक लाख 81 हजार 502 के विरूद्ध अब तक एक लाख 85 हजार 498 आवेदन ऑनलाईन दर्ज कर 102 फीसदी लक्ष्य हासिल किया गया है। समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा 122 फीसदी आवेदन पंजीयन के साथ जिले में अव्वल और जनपद पंचायत रीठी 121 प्रतिशत आवेदन पंजीयन कर दूसरे स्थान पर है। जबकि नगर परिषदों में नगर परिषद कैमोर ने 135 फीसदी की उपलब्धि के साथ प्रथम स्थान पर है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदन व ई-केवायसी कार्य में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों, जन अभियान परिषदों की सक्रिय सहभागिता की भी जानकारी हासिल की।




### सराहनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कलेक्टर अवि प्रसाद ने मंगलवार को जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदनों के पंजीयन और ई-केवायसी कार्य के लिए जिले के विकासखंडों में सर्वाधिक पंजीयन करने वाली टीमों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सराहनीय कार्य करने वालों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्य की लय और गति में निरंतरता बरकरार रखने कहा है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नगर निगम कटनी क्षेत्र अंतर्गत जिन्हे सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है उनमें वार्ड क्रमांक 4 से सुशील मलिक वार्ड दरोगा दल प्रभारी, राजकुमार गुप्ता वसूलीकर्ता, शिवम विश्वकर्मा आउटसोर्स, कुमारी उमा पटेल जनसेवा मित्र, शुभम प्यासी वसूलीकर्ता, आलोक गर्ग सहायक ग्रेड-3, विवेक दाहिया, आउटसोर्स, प्रभांशु तिवारी फिक्स वेतन कर्मचारी शामिल है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत नगर परिषद बरही से सुनैना चौधरी आंगनवाड़ी वार्ड 3, देवबती कोरी आंगनवाड़ी वार्ड क्रमांक 4, उर्मिला खटीक आगनबाड़ी वार्ड क्रमांक 10, मधु पटेल आंगनबाड़ी वार्ड क्रमांक 14 द्वारा उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।




# जिले के चार नए आधार सेंटर लोकसेवा केंद्रों में पुन: हुए शुरू

**कलेक्टर के विशेष प्रयास से 7 लोक सेवा केंद्रों में बहाल हुई सेवा, लाडली बहनों को मिलेगी अधिक राहत**

**कटनी,यशभारत।** लाड़ली बहना योजना की प्रक्रिया के लिए जिले के ग्रामीण अंचलों की लाडली बहनों को अब आधार अपडेशन के लिए यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा। कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा अब तक जिले के लोक सेवा केंद्रों में बंद पड़ी आधार अपडेशन प्रक्रिया को पूर्णतः रूप से सभी लोक सेवा केंद्रों में पुनः प्रारंभ करा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि करीब एक सप्ताह पूर्व जिले के तीन लोक सेवा केंद्रों कटनी ग्रामीण, विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा के लोक सेवा केंद्रों में आधार सेंटर प्रारंभ कराई गई थी, तो वहीं अब शेष लोक सेवा केंद्रों बड़वारा, स्लीमनाबाद, रीठी और कटनी (शहरी) में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शासन स्तर पर चर्चा कर तकनीकी समस्या का निराकरण कराकर 4 नए आधार सेंटर प्रारंभ कर दिए गए हैं।

### 9 में से 7 केंद्रों में शुरू हो गई ये सुविधा

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अवि प्रसाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान यह समस्या संज्ञान में आई थी कि लोक सेवा केंद्रों में आधार पंजीयन एवम् अपडेशन सेवा बंद पड़ी है तथा लगातार पत्राचार के बाद भी ये सेवा प्रारंभ नहीं हो पा रही है। जिसके बाद कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा लोक सेवा केंद्रों से आधार सेवा प्रारंभ कराने के लिए शासन स्तर पर निर्णायक प्रयास करते हुए राज्य लोक सेवा अभिकरण भोपाल को पत्र प्रेषित करने के साथ साथ स्वयं चर्चा कर प्रयास किए गए। इन प्रयासों के फलस्वरूप जिले के 9 लोक सेवा केंद्रों में से 7 में वर्तमान में आधार सेवा पुनः बहाल हो चुकी है। जिनमें कटनी (ग्रामीण), कटनी (शहरी), रीठी, स्लीमनाबाद, बड़वारा, ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ के लोक सेवा केंद्र शामिल हैं। जबकि शेष दो बरही और बहोरीबंद लोक सेवा केन्द्र की आईडी शासन स्तर से प्राप्त होते ही यहां पर भी आधार सेंटर प्रारंभ कर दिए जायेंगे।

### लाड़ली बहनों सहित ग्रामीणों को मिलेगी अधिक राहत

कलेक्टर के प्रयासों स आधार सेवा इन 7 लोक सेवा केंद्रों में प्रारंभ होने से लाडली बहना योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए जिले की लाडली बहनों को भटकना नहीं पड़ेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही अब लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से कराई जा सकेगी। साथ ही लोक सेवा केन्द्र से आधार ईकेवाईसी एवम् 48 विभागों की 600 अधिसूचित सेवाएं एवम् समाधान एक दिवस तत्काल सेवा अंतर्गत 09 विभागों की 32 सेवाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त कर सकेगी।

# प्रचार रथ को किया रवाना




**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना ''मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023'' से जन-जन को अवगत कराने के लिए प्रचार रथ नगरीय क्षेत्रों के विभिन्न वार्डो में भ्रमण कर हितग्राहियों को योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा। नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने गुरूवार प्रातः नगर निगम कार्यालय से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे, उपायुक्त पवन अहिरवार, कार्यपालन यंत्री के.पी.मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित निगम के अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि प्रचार रथ के माध्यम से योजना के प्रचार- प्रसार के साथ ही नागरिकों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के ई-के.वाय.सी. व आवेदन भरने की प्रक्रिया सहित योजना के संबंध में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी जायेगी। यह प्रचार रथ नगरीय क्षेत्र के वार्डो की विभिन्न गलियों में भ्रमण करेगा।



# निगमाध्यक्ष ने नगर निगम के ठेकेदारों के साथ ली बैठक

**कटनी,यशभारत।** निगमाध्यक्ष मनीष पाठक के कार्यालय में बुधवार दोपहर 03:00 बजे से शहर में चल रहे निर्माण कार्यो से संबंधित समस्त निविदाकारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया बैठक में निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा निर्माण कार्यो में गुणवत्ता पूर्वक निर्माण के साथ ही कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने एवं निर्माण कार्य स्थल पर मौजूद रहकर अपनी निगरानी में कराने की बात कही । बैठक में उपस्थित ठेंकेदारों नें निविदाओं में आ रही समस्यांए से निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक को अवगत कराया जिसपर श्री पाठक नें समस्याओं के संबंध में आयुक्त महोदय से चर्चा की साथ ही बैठक में उपस्थित उपयंत्रियों को निविदाओं के संबंध में निर्देषित किया। बैंठक के दौरान पार्षद सर्व श्री संतोष शुक्ला,मिथलेष जैन,षषिकांत तिवारी,ष्याम पंजवानी,गोविंद चावला,संदीप राजाराम यादव,कमलेष चौधरी,के साथ ही निगमायुक्त सत्येन्द्र धाकरे,नगर निगम ठेकेदार सर्व श्री अजय सरावगी,संजू खरे,राजेष पटेल,रजनीष तिवारी,सुरेन्द्र तिवारी,संजीव तिवारी,रोहित द्विवेदी फारुख खान,हर्ष तिवारी,अरुण चक्रवर्ती,दिनेष गुप्ता संजय मिश्रा,अजय बिलैया की उपस्थिति रही ।

# अवैध रूप से रेत और गिट्टी का कारोबार करने वाले तीन प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही

**कटनी,यशभारत।** सड़क किनारे भवन निर्माण सामग्री डंप कर मनमाने तरीके से कारोबार संचालित करने संबंधी समाचार को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा इसकी जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश जिला खनिज अधिकारी को दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में खनिज विभाग द्वारा जांच कर आरोपितों के विरुद्ध अर्थदंड की कार्यवाही की गई है। समाचार में प्रकाशित खबर पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संज्ञान लेते लेते हुए खनिज विभाग को जांच के निर्देश दिए गए थे। जिस पर पन्ना मोड़ कुठला क्षेत्र में सड़क पर निर्माण सामग्री डंप कर कारोबार संचालित करने वाले मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स, मेसर्स मार्बल डिपो और मेसर्स रवि नायक ट्रेडर्स की खनिज विभाग द्वारा जांच की गई। जांच में तीनों ट्रेडर्स द्वारा सीमेंट, लोहा, सरिया के अलावा बिना खनिज अनुज्ञप्ति के रेत और गिट्टी का कारोबार संचालित किया जाना पाया गया। मौके पर मिले खनिज स्टॉक की मात्रा के आधार पर तीनों ट्रेडर्स के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवम् भंडारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण दर्ज कर मे. गुप्ता ट्रेडर्स पर 75000 रुपये, मे.रवि नायक ट्रेडर्स पर 191700 रुपये और मे. मार्बल डिपो पर 96600 रुपए अर्थदंड प्रस्तावित किया गया है।



# घर-घर जाकर मुख्यमंत्री लाडली बहना के आवेदन भरवाने सक्रिय हुआ निगम अमला

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को कलेक्टर द्वारा प्रदाय किए जा रहे प्रशंसा पत्र

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगरपालिक निगम द्वारा मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिलाओं के आर्थिक उत्थान एवं उनकी दशा को बदलने के मुख्य उद्देश्य संचालित की जा रही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 का नगर में कुशल संचालन करने के लिए नगर निगम का अमला पूरी तन्मयता के साथ सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में निगम अमले द्वारा महिला पात्र हितग्राहियों के घरों में जाकर योजना की जानकारी देने के साथ ही आवेदन भरने की प्रक्रिया पूर्ण कराई जा रही है। साथ ही 45 वार्डो में नगर निगम द्वारा आयोजित शिविरों के माध्यम से भी निशुल्क केवाईसी के साथ महिला हितग्राहियों के फॉर्म भी भरे जा रहे हैं। नगर सीमा अंतर्गत आयोजित शिविरों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों अधिकारियों को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रशंसा पत्र भी दिए जा रहे हैं। गौरतलब है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गत दिवस वार्डो में आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के शिविरों का निरीक्षण कर महिलाओं को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े इसके लिए संबंधित कर्मचारियों अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए थे। आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने नगर सीमा के अंतर्गत योजना का धरातल पर कुशल क्रियान्वयन एवं पात्र महिला हितग्राहियों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो इसके लिए उपायुक्त पीके अहिरवार को नोडल अधिकारी बना कर शिविरों की जिम्मेदारी सौंपी है। नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वार्ड में शिविरों के माध्यम से एवं जो महिला हितग्राही शिविर स्थल पर आने की स्थिति में नहीं है। उनको उनके घर पर जाकर निगम कर्मचारियों द्वारा फार्म भरने सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। योजना को सफल बनाने के लिए प्रत्येक वार्ड के पार्षदों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 14th April 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 14 to 20 April,2023

| Audi-01 | Show |
|---|---|
| Tu Jhoothi main Makkaar | 1.30.00 PM |
| Tu Jhoothi main Makkaar | 4.30.00 PM |
| Lakhi Muhinjo Lakhan Main Sindhi | 7.30.00 PM |
| Lakhi Muhinjo Lakhan Main Sindhi | 10.15.00 PM |
| **Audi-02** | **Show** |
| John Wick Chapter 4 2D Hindi | 1.00.00 PM |
| Bholaa 3D Hindi | 4.00.00 PM |
| Bholaa 2D Hindi | 7.00.00 PM |
| Bholaa 3D Hindi | 10.00.00 PM |
| **Audi-03** | **Show** |
| Bholaa 2D Hindi | 12.00.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 2.45.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 5.15.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 7.30.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 10.30.00 PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म.प्र.)

Maharani Laxmi Bai Ward No-26, Near Mission Chowk, Katni, Tel-07622-230120, Pincode- 483501, Email- commkatni@mpurban.gov.in

पृक्रमांक/ 89/ बा.शा./ 2023 | कटनी, दिनांक- 13/04/2023

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम सीमा अंतर्गत शासकीय/निजीभूमि सम्पत्तियों में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स फ्लेक्स लगवाया जाना म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 एवं सम्पत्ति विरूपण नियम 3 अंतर्गत कृत्य जुर्माना एवं अपराध की श्रेणी में आता है। साथ ही अवैध होर्डिंग/ पोस्टर बैनर/ फ्लेक्स निजी/ सार्वजनिक भूमि सम्पत्तियों में लगवाए जाने पर म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के नियम 22 अपराध एवं शास्तियां अंतर्गत 30 दिनों की न्यूनतम कालावधि के लिए या वास्तविक प्रदर्शन की कलावधि के लिए रुपए 10/- प्रति वर्ग फुट अवैध होर्डिंग/ पोस्टर बैनर/ फ्लेक्स के या अनुसूची में यथा विहित प्रासंगिक प्रकार के अनुसार लागू अनुज्ञप्ति शुल्क का दुगुना जो भी ज्यादा हो और साथ ही अवैध होर्डिंग/ पोस्टर बैनर/ फ्लेक्स को बलपूर्वक हटाये जाने का प्रावधान है।

अतः सर्व सम्बंधित को सूचित किया जाता है कि अवैध रूप से लगाये गये होर्डिंग/ पोस्टर बैनर/ फ्लेक्स निजी/ सार्वजनिक भूमि से 3 दिवसों के अंदर प्रथक करावें अन्यथा बलपूर्वक हटाये जाकर निर्धारित अधिकतम शुल्क की वसूली के लिए प्रकरण तहसीलदार न्यायालय में प्रकरण प्रेषित किये जायेंगे।

प्राधिकृत अधिकारी
होर्डिंग बाजार शाखा
नगर पालिक निगम कटनी

## कार्यालय नगर परिषद कैमोर, जिला-कटनी (म.प्र.)

क्रमांक /39/ राजस्व /न. परि. /2023-24 | कैमोर, दिनांक - 13/04/2023

**सार्वजनिक सूचना**

**प्रस्ताव क्रं.- 9 संपत्तिकर निर्धारण वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक भाड़ा मूल्य गणन की दरें अवधारण बाबद विचार एवं निर्णय**

**संकल्प क्रं. 95**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पी.आई.सी समिति के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया कि म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 127 (क) के तहत संपत्तिकर के अधिरोपण हेतु मप्र शासन नगरीय विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी राजपत्र क्रमांक 46 भोपाल शुक्रवार दिनांक 13 नवम्बर 2020 के प्रावधानों अनुसार नगरीय निकाय के संपत्तिकर निर्धारण कलेक्टर गाइड लाइन द्वारा निर्धारित भवन/भूमि मूल्य के साथ सांगत किया गया है जिसको वर्तमान में तीन परिक्षेत्रों (जोन) में विभाजित किया गया है जो निम्नानुसार है।

| क्रं. | क्षेत्र जोन | वार्ड क्रमांक अथवा सम्मिलित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम | ACC (अडानी) संपूर्ण क्षेत्र और एवरेस्ट इंडस्ट्री संपूर्ण क्षेत्र एसीसी (कैमोर सीमेंट वर्क्स) कंपनी का संपूर्ण क्षेत्र एवं एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लि.कैमोर का संपूर्ण क्षेत्र |
| 2. | द्वितीय | वार्ड क्रं. 01 श्री मोहन रिछारिया के भवन से मुख्य मार्ग के उत्तर की ओर रेल्वे लाइन तक पुलिस थाना तक वार्ड क्रं. 02,03,04,05 एवं वार्ड क्रमांक-06 का संपूर्ण क्षेत्र वार्ड क्रं.10 वार्ड क्रं. 12,13, एवं 14 का संपूर्ण क्षेत्र (परिक्षेत्र 01 को छोड़कर) |
| 3. | तृतीय | वार्ड क्रं.01 में रेलवे लाइन उत्तर का क्षेत्र पनिहाई बस्ती वार्ड क्रं.08 वार्ड क्रं. 05 शिवानगर वार्ड क्रं.10 कैलाश नगर वार्ड क्रं. 07 बरापार संपूर्ण क्षेत्र वार्ड क्रं. 12 सरकार बाबू की दफाई बस्ती एवं वार्ड क्रं. 15 का संपूर्ण क्षेत्र (परिक्षेत्र 01 को छोड़कर) |

**उपरोक्त संकल्प के प्रत्येक क्षेत्र में निर्माण की गुणवत्ता एवं संपत्ति की अवस्थिति आधार पर निम्नानुसार दरें लागू हैं।**

| जोन क्रं. | भवन निर्माण का प्रकार | व्यवसायिक उपयोग के भवन भूमि हेतु अवधारित दरें प्रतिवर्ग मीटर | | | आवासीय उपयोग हेतु अवधारित दरें प्रति वर्ग मीटर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुख्य बा जार | मुख्य मार्ग | अन्य | मुख्य बाजार | मुख्य मार्ग | अन्य |
| 1. | पक्का भवन | 272 | 199 | 156 | 176 | 137 | 119 |
| | कच्चा भवन | 157- | 136 | 91 | 119 | 81 | 63 |
| | भूमि | 67 | 67 | 47 | 41 | 41 | 41 |
| 2. | पक्का भवन | 265 | 194 | 152 | 171 | 132 | 116 |
| | कच्चा भवन | 152 | 131 | 89 | 116 | 78 | 61 |
| | भूमि | 65 | 65 | 46 | 40 | 40 | 40 |
| 3. | पक्का भवन | 265 | 194 | 152 | 171 | 132 | 116 |
| | कच्चा भवन | 152 | 131 | 65 | 116 | 78 | 61 |
| | भूमि | 65 | 65 | 46 | 40 | 40 | 40 |

प्रकरण प्रस्तुत होने के पश्चात पी.आई.सी समिति के समक्ष मु.न.पा अधिकारी द्वारा दी गयी जानकारी पर गहन विचार विमर्श किया गया तथा वित्तीय वर्ष 2023- 24 में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्वनिर्धारण प्रक्रिया से संपत्तिकर की राशि जमा करने हेतु मप्र न पा (भवनों/भूमियों के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण) नियम 2020 के नियम 6 के तहत निम्नानुसार निर्णय पारित किया जाता है। **उपनियम - 6 म.प्र. न.पा. अधिक. धारा 127 (A) (1) अनुसार कर योग्य संपत्ति मूल्य - 4800 =00 वार्षिक से अधिक होने पर निम्नानुसार संपत्तिकर की रकम देय होगी। (05) कर योग्य संपत्ति मूल्य निर्धारण की दर :-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कर योग्य संपत्ति मूल्य 4800 रूपए तक | संपत्तिकर से मुक्त (केवल समेकित कर) |
| (ख) | कर योग्य संपत्ति मूल्य 4801 से 10000 तक | 6% छह प्रतिशत |
| (ग) | कर योग्य संपत्ति मूल्य 10000 से अधिक | 10% दस प्रतिशत |

**(06) संपत्ति कर से संलग्न कर :- संपत्तिकर से संलग्न अन्य कर निम्नानुसार देय होंगे**

| | | |
|---|---|---|
| (अ) | अनिवार्य समेकित कर | 120/- प्रत्येक संपत्ति कर |
| (ब) | समेकित कर (संपत्तिकर युक्त संपत्तियों पर) | संपत्तिकर का 10% +120 |
| (स) | शिक्षा उपकर | कर योग्य संपत्ति मूल्य का 05% |
| (द) | नगरीय विकास उपकर | कर योग्य संपत्ति मूल्य का 01% आवासीय 02 % व्यावसायिक की दरें अवधारित की जाती हैं। |

**30 सितंबर 2023 तक स्वनिर्धारण विवरणी तथा संपत्तिकर राशि न जमा करने पर 2% मासिक अधिभार देय होगा**

श्रीमती मनीषा अजय शर्मा, अध्यक्ष | श्री संतोष कुमार केवट, उपाध्यक्ष | श्री रामकिंकर तिवारी, राजस्व प्रभारी | श्री धर्मेन्द्र शर्मा, मु.न.पा. अधिकारी नगर परिषद कैमोर

# धोनी की बैटिंग देखने इतने लोग जुटे की बन गया रिकॉर्ड, मैच के दौरान दिखे विंटेज माही




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2023 के 17वें मैच में राजस्थान की टीम ने चेन्नई को 3 रनों से हरा दिया। बतौर सीएसके के कप्तान 200वां मैच खेलने उतरे महेंद्र सिंह धोनी इस मैच को यादगार नहीं बना पाए। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। जवाब में चेन्नई निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 172 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की टीम को पहला झटका 10 के स्कोर पर तब लगा शानदार फॉर्म में चल रहे ऋतुराज बड़ा स्कोर करने में विफल रहे। इसके बाद रहाणे ने कॉन्वे का अच्छा साथ दिया और 31 रन की पारी खेली। रहाणे के आउट होने के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे बल्लेबाजी करने उतरे और जब वह 8 रन के निजी स्कोर पर थे तब अश्विन ने उन्हें चलता किया। अपने घर में दूसरा मैच खेल रही चेन्नई 113 रन पर 6 विकेट गवां चुकी थी, फिर धोनी बैटिंग करने उतरे और आते ही दर्शकों की संख्या में गजब उछाल देखने को मिला धोनी 15वें ओवर में बैटिंग करने के लिए उतरे। उस वक्त चेन्नई को 5 ओवर में जीत के लिए 63 रन चाहिए थे। धोनी और जडेजा ने मैच बचाने की भरपूर कोशिश की। लेकिन राजस्थान के कप्तान संजू ने चेपॉक की पिच पर स्पिनर्स का सही इस्तेमाल किया और धोनी-जडेजा को आसानी से स्ट्राइक रोटेट नहीं करने दिया। बाद में धोनी ने अपने जलवे दिखाए, उसी वक्त जियो सिनेमा एप्लीकेशन पर दर्शकों की संख्या ने पहली बार दो करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। आईपीएल के 16वें सीजन में पहली बार इतने सारे लोगों ने जियो सिनेमा पर एक साथ कोई मैच देखा। ऐसे में कहा जा सकता है कि आई पी एल 2023 में धोनी की दीवानगी चरम पर है और हर मैच में धोनी की बैटिंग से कोई न कोई नए रिकॉर्ड से बन रहे हैं।धोनी इस मैच में अपने पुराने अवतार में दिखे। उन्होंने सिर्फ 17 गेंद में ताबड़तोड़ 32 रन जोड़े और इस पारी में उन्होंने 1 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्हीं के साथ जडेजा भी नाबाद लौटे और उन्होंने 15 गेंदों पर 25 रन की पारी खेली। चेपॉक को चेन्नई का किला कहा जाता है। साल 2014 के बाद चेपॉक में चेन्नई कि यह सिर्फ चौथी हार है। राजस्थान से पहले चेन्नई को यहां सिर्फ मुंबई की टीम हीं अब तक हरा पायी थी।

# शूटिंग स्पोर्ट्स का ग्रीष्म कालीन शिविर 15 से



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर में 15 अप्रैल 2023 से स्कूल - कॉलेज के विद्यार्थियों एवं सभी आयु वर्ग के लिए शूटिंग स्पोर्ट्स के ग्रीष्म कालीन शिविर का आयोजन हो रहा है, जिसके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। स्ब्क्र के सचिव राकेश गुप्ता के अनुसार इसका उद्देश्य उन विद्यार्थियों को शूटिंग स्पोर्ट्स का अनुभव कराना एवं आधारभूत प्रशिक्षण देना है जिन्होंने पूर्व में कभी शूटिंग स्पोर्ट्स का अनुभव नहीं किया है। इस प्रकार शूटिंग स्पोर्ट को ले कर जनमानस में जागरूकता आएगी। वहीं स्ब्क्र की सहायक सचिव सुश्री प्रियांसी गुप्ता का मानना है की इस प्रकार बच्चों को भी नया स्पोर्ट अनुभव करने का मौका मिलता है। इस वर्ष ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शूटिंग स्पोर्ट्स से जोड़ने हेतु स्कूलों के साथ भी भागीदारी करने का प्रयास गन फॉर ग्लोरी द्वारा किया जा रहा है। यह शिविर गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर के विश्व स्तरीय 10 मीटर रेंज पर शूटिंग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग एसोसिएशन ऑफ जबलपुर के सहयोग से आयोजित हो रहा है 7 इच्छुक विद्यार्थी शिविर के लिए 15 अप्रैल से 20 मई तक रजिस्टर करवा सकते हैं 7 इच्छुक विद्यार्थी पंजीयन हेतु गन फॉर ग्लोरी में संपर्क करें। प्रशिक्षण राष्ट्रिय स्तर के कोच द्वारा दिया जायेगा एवं प्रमाणपत्र मध्य प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के द्वारा दिया जायेगा।

# दिव्यांग प्रीमियर लीग का खिताब भोपाल ने जीता

## विजई भव महापौर कप टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित देश के प्रथम दिव्यांग प्रीमीयर लीग का खिताबी मुकाबला भोपाल और रीवा संभाग के बीच खेला गया मैच की शुरुआत में जबलपुर के महापौर अनु भैया टूर्नामेंट की मुख्य आयोजन करता श्रीमती प्रतिष्ठा द्विवेदी एवं प्रीति त्रिपाठी के साथ दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के महासचिव हारून रशीद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया रीवा की टीम ने टॉस जीतकर भोपाल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग जोड़ी ने इस मैच में भी धमाकेदार शुरुआत की जिसमें वेदांत गुप्ता ने 26 रन और निखिल मेवाड़ा ने 6 चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाए वहीं मानसिंह ने 2 चौकों की सहायता से 19 रन और सचिन ने 13 रन का सहयोग दिया इस तरह 20 ओवर में भोपाल की टीम ने कुल 161 रन बनाए द्य रीवा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित ,मनोज और शुभम ने दो-दो विकेट और पवन ने एक विकेट लिया। 162 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा की टीम शुरुआत मैं ही लड़खड़ा गई और कप्तान अंकित सिंह बघेल के अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास न कर सका और पूरी टीम को 81 रनों पर मात्र 13 ओवरों में सीमट गई रीवा की ओर से अंकित 27 और संजय 17 रन ही दहाई के अंक तक पहुंच पाए। गेंदबाजी करते हुए भोपाल की ओर से मुकम्मल ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में मात्र 19 रन देकर पांच खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया वही मानसिंह ने दो और धर्मेश तथा बृजमोहन ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया इस तरह भोपाल की टीम ने रीवा को परास्त कर पहला दिव्यांग क्रिकेट प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम किया। महापौर जबत बहादुर सिंह अनु ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की और वहीं अन्य पुरस्कारों से खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में निम्न खिलाड़ियों ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की -man of the मैच फाइनल मुकम्मल खान श्रेष्ठ बल्लेबाज निखिल मेवाड़ा श्रेष्ठ विकेटकीपर वेदांत गुप्ता श्रेष्ठ गेंदबाज मुकम्मल खान मैन ऑफ द टूर्नामेंट मिथिलेश सिंह श्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण शुभम मिश्रा रहे। समापन समारोह में योगेश अग्रवाल न्यायाधीश बैंक ऑफ बड़ौदा से विक्रांत श्रीवास्तव आशीष यादव आशीष वर्मा विश्वामित्र अवॉर्डी सारिका गुप्ता ब्राह्मण महासभा से वीरेंद्र तिवारी प्रशांत मिश्रा डॉ नितिन सोनी लिटिल आइंस्टीन स्कूल की संचालिका श्रीमती निकिता राय दुबे और उनके स्कूल के बहुत सारे विद्यार्थी उपस्थित थे समापन समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई और इस अवसर पर रानीताल स्टेडियम में काफी दर्शकों ने इस मैच का लुफ्त उठाया।



# रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर, सट्टे को प्रमोट करने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक सामाजिक कार्यकर्ता ने ऑनलाइन सट्टा लगाने वाली कंपनियों का समर्थन करने के आरोप में कुछ भारतीय क्रिकेटरों के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की है। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली, भारतीय खिलाड़ी रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या के अलावा बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के नाम क्ष्ह्रुमें हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए तारीख भी तय कर दी है। मुख्य जुडिशियल मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर याचिका में याचिकाकर्ता तमन्ना हाशमी ने कहा कि ये खिलाड़ी और अभिनेता भारत के भविष्य और वर्तमान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ये युवाओं को अलग-अलग तरह के एप्लीकेशन के माध्यम से जुआ खेलने के लिए मजबूर कर रहे हैं। ये युवाओं को भटकाने का काम कर रहे हैं। युवाओं को आकर्षक इनाम देकर इसकी लत लगाई जा रही है। याचिकाकर्ता ने कहा कि क्रिकेट और फिल्म आइकॉन आईपीएल के दौरान विभिन्न एप्लीकेशन पर टीम बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। कुछ लोगों को प्राइज मिला है लेकिन इसके परिणामस्वरूप युवाओं को जुआ खेलने की लत भी लग रही है। गौरतलब है कि कोर्ट ने इस केस की सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तारीख तय कर दी है। हाशमी ने कई बड़े लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामलों में काफी याचियाएं दायर की हैं। ऑनलाइन बेटिंग एप्लीकेशन पर टीम बनाने के बाद पैसे जीतने की बातें सामने आती रहती हैं। टीवी पर भी इसके विज्ञापन काफी चलते रहते हैं। इन सब चीजों को ध्यान में देखते हुए तमन्ना हाशमी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया।

स्वर्गीय ईश्वरदास रोहणी जी की स्मृति में

# दादा कप क्रिकेट : कलेक्ट्रेट टीम दूसरे राउंड में




**जबलपुर,यशभारत।** स्वर्गीय ईश्वरदास रोहणी जी की स्मृति में *दादा कप* का आयोजन तिलहरी में हुआ जिसमें पहले राउंड में कलेक्ट्रेट एवं यंग हीरोस टीम के बीच खेले गए 10-10 ओवर के मैच में कलेक्ट्रेट की टीम ने 4 रन से मैच जीतकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। कलेक्ट्रेट की टीम की जीत पर कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। कलेक्ट्रेट की टीम के नरेन्द्र रैदास, जितेंद्र कोरी, मनीष रजक, वसीम अकरम, राशिद खान, यशवंत कोस्टा, विजय ठाकुर, अनुज मरकाम, आयुष एवं सनी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा अगला मैच 14 अप्रैल को होगा।

## रंग संसार

# दीपिका पादुकोण हैं बॉलीवुड की सबसे हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 37 साल की दीपिका पादुकोण आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिल्म पठान से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली दीपिका ने हर बार साबित किया है कि वह एक बेहतरीन अदाकारा हैं। फिल्म ओम शांति ओम से शाहरुख खान के साथ अपने करियर की शुरुआत करने वाली दीपिका आज बॉलीवुड की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार हैं। दीपिका के हुस्न और अदाकारी के तो बॉलीवुड बादशाह भी कायल हैं। फिल्म पठान के प्रमोशन के दौरान शाहरुख ने कहा था कि दीपिका फुल प्रूफ एंटरटेनमेंट का पैकेज हैं। जिनमें टैलेंट कूट-कूटकर भरा हुआ है। दीपिका एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जिनके ऊपर ग्लैमरस, एक्शन, रोमांटिक और यहां तक की कॉमेडी भी शूट करती है। वह हर रोल में फिट हो जाती हैं। यही वजह है कि आज हर हीरो उनके साथ काम करना चाहता है। फिर चाहे उनकी फीस फिल्म के लीड एक्टर के बराबर ही क्यों ना हो। फिल्म पठान में शाहरुख खान के साथ एक्शन मोड और ग्लैमरस अवतार में नजर आई दीपिका पादुकोण जल्द ही कई ब्लॉकबस्टर फिल्म में नजर आने वाली हैं। दीपिका की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में शामिल है फाइटर। इस फिल्म में दीपिका एक्शन अवतार में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा दीपिका और प्रभास की जोड़ी जल्द ही फिल्म प्रोजेक्ट के में नजर आएगी। यह एक साइंट फिक्शन फिल्म है। इस फिल्म में दीपिका और प्रभास के अलावा अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे। इसके अलावा दीपिका जल्द ही इसी साल शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान में नजर आएंगी। इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस नयनतारा हैं, क्योंकि एसआरके दीपिका को अपनी फिल्म के लिए लकी मानते हैं तो इसलिए इस फिल्म में दीपिका का एक कौमियो होगा। इसके अलावा अब बात करते हैं दीपिका की सबसे चर्चित फिल्म लेडी सिंघम की तो। यह रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनेगी। इस फिल्म में रणवीर सिंह और दीपिका की जोड़ी नजर आएगी। इसके साथ ही फिल्म ब्रह्मास्त्र 2 की बात करें तो इसमें दीपिका अपने रीयल लाइफ एक्स बॉयफ्रेंड और एक्टर रणबीर कपूर की मां के रोल में नजर आएंगी। फिल्म जवान, फाइटर, प्रोजेक्ट के, ब्रह्मास्त्र 2, लेडी सिंघम के अलावा दीपिका द इंटर्न में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण के साथ अमिताभ बच्चन नजर आएंगी। इन सभी बड़े प्रोजेक्ट की लीड एक्ट्रेस हैं दीपिका। सूत्रों की मानें तो अब दीपिका हर एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए चार्ज करती हैं। एक फिल्म के लिए दीपिका 20 से 25 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। इस समय दीपिकी ही एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्हें फिल्मों के लिए उनके मुताबिक मोटी रकम दी जा रही हैं। के ऐड के लिए दीपिका पादुकोण 7 से 10 करोड़ की फीस वसूलती हैं तो वहीं सोशल मीडिया के जरिए एंडोर्समेंट करने के लिए वो लगभग 1.5 करोड़ रुपये लेती हैं। इसके अलावा मुंबई में खुद का पर्सनल 4 बीएचके लक्जरियस घर है, जिसकी कीमत 16 करोड़ रुपये है। अलीबाग में भी दीपिका का एक आलीशान घर है, जिसकी कीमत 21 करोड़ रुपये है। दीपिका के कारों के कलेक्शन में मर्सिडीज मेबैक, ऑडी ए8, ऑडी क्यू7 और बीएमडब्ल्यू 5 जैसी कई महंगे ब्रांड्स की कारें शामिल हैं। कुल मिलाकर अगर दीपिका पादुकोण की नेटवर्थ पर ध्यान दें तो लगभग 366 करोड़ रुपये की है।

# एक बार फिर देखने को मिलेगा हैरी पॉटर का जादू, रिलीज हुआ टेलीविजन सीरीज का टीजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैरी पॉटर को चाहने वाले दुनिया भर में मौजूद हैं। हैरी पॉटर की फिल्मों का क्रेज आज भी लोगों में देखने को मिलता है। इन फिल्मों में जादू, प्यार, धोखा, दोस्ती की कहानी दिखाई गई है। हैरी पॉटर की फिल्मों ने हर उम्र के लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है। लोगों का हैरी पॉटर के लिए इतना प्यार देखते फिल्म के मेकर्स ने फैंस को एक तोहफा दिया है। जल्द ही हैरी पॉटर पर एक टीवी सीरीज बनकर तैयार होने वाली है। एक बार फिर हैरी पॉटर अपनी जादुई छड़ी से जादू करते नजर आने वाले हैं। एचबीओ मैक्स इस टीवी सीरीज को बना रहा है। जिसका टीजर भी रिलीज हो गया है।




## जल्द ही रिलीज होगी हैरी पॉटर सीरीज

राइटर जेके रोलिंग ने लिखी फंतासी उपन्यास श्रृंखला हैरी पॉटर अब जल्द ही एक टीवी सीरीज बनने जा रही है। इस दिलचस्प अपडेट की घोषणा मेकर्स ने 12 अप्रैल को वॉर्नर ब्रदर्स और डिस्कवरी की प्रेस और निवेशकों के लिए प्रस्तुति के दौरान की गई थी। वहीं अब इसका टीजर सामने आने के बाद ये खबर और भी पक्की हो गई है। एचबीओ ने एक खास टीजर जारी करके सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आग लगा दी। इस नए अपडेट ने दुनिया भर में हैरी पॉटर और विजार्डिंग वर्ल्ड के फैंस को काफी एक्साइटडेट कर दिया है।

## फैंस की इच्छा हुई पूरी

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर हैरी पॉटर टेलीविजन सीरीज का टीजर रिलीज किया है। पिछले काफी दिनों से हैरी पॉटर की टीवी सीरीज को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं। एचबीओ ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए लिखा, आपका हॉगवर्ट्स लेटर यहां है। मैक्स ने पहली बार हैशटैग हैरी पॉटर स्क्रिप्टेड टेलीविजन सीरीज का आदेश दिया है, जो बेहतरीन फिल्मों का शानदार एडेप्टेशन है। अनाउंसमेंट के बाद अब हैरी पॉटर के बजट को लेकर चर्चा हो रही है। पुरानी हैरी पॉटर सीरीज की बात की जाए तो वह लगभग 20 साल पुरानी है।

# नाना पाटेकर ने नसीरुद्दीन शाह के लिए मांगी ऐसी मन्नत सुन उड़ जाएंगे होश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नाना पाटेकर के डायलॉग और किरदार लोगों के बीच आज भी काफी मशहूर है। नाना पाटेकर ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किए थे। पर ऐसा क्या हुआ जो नाना पाटेकर ने क्यों कहा कि, मैंने भगवान से मन्नत मांगी थी की नसीरुद्दीन शाह का एक्सीडेंट हो जाए उसके हाथ, पैर टूट जाए। फिल्मी पर्दे पर गंभीर भूमिका निभाने वाले नाना पाटेकर का मजाकिया अंदाज बहुत कम लोगों को देखने को मिलता है, लेकिन मुंबई में हुए एक कार्यक्रम में नाना पाटेकर अपने ह्युमर से वहां मौजूद जनता को लोटपोट कर दिया। इसी कार्यक्रम में नाना पाटेकर ने वो राज खोला जिसे सुनकर सभी लोग हैरान हो गए। सुपरहिट मराठी फिल्म सिंहासन के 44 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुंबई में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में फिल्म के डायरेक्टर जब्बार पटेल, फिल्म निर्माण में मदद करने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री शरद पवार और फिल्म के अभिनेता नाना पाटेकर और मोहन आगेशे मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान फिल्म से जुड़ी कई अनकही कहानियों को डायरेक्टर और फिल्म के कलाकारों ने शेयर किया, लेकिन इसी कार्यक्रम के दौरान नाना पाटेकर का एक बयान चर्चा का विषय बन गया है। एक सवाल के जवाब में नाना पाटेकर ने कहा कि, आपको सच कहता हूं शरद पवार की जैसे डायरेक्टर जब्बार के लिए ( मराठी फिल्मों में पहली पसंद) मोहन आगेश थे... उसी तरह हिंदी फिल्मों में श्याम बेनेगल, गोविंद निहलानी की (पहली पसंद) नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी होते थे। मैं भगवान को नहीं मानता हूं.. उसके पीछे वजह है नसीरुद्दीन शाह। शरद राव (शरद पवार) मैंने भगवान से मन्नत मांगा था कि नसीर का एक्सीडेंट हो जाए, उसके हाथ, पैर टूट जाए... ताकि वो रोल मुझे मिल जाए, लेकिन ऐसा कभी हुआ नहीं और इसीलिए मेरा भगवान पर से भरोसा उठ गया है।

# बाइक सवारों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत

## हाइवे के झुकेही मोड़ पर दर्दनाक हादसा



**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर बड़ेरा मोड़ के समीप बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। दोनों युवक कुठला थाना अंतर्गत ग्राम बड़ेरा के रहने वाले थे तथा गुरूवार की देरशाम झुकेही से बाजार करके वापस घर लौट रहे थे। उसीदौरान दानवी रफ्तार ट्रक ने दोनों को बाइक सहित अपनी चपेट में लेकर मौत के घाट उतार दिया। कुठला पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को मशक्कत के बाद जप्त कर थाने में खड़ा कराया है। उधर आज सुबह दोनों मृतकों के शव जिला अस्पताल में परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिए गए। दुर्घटना के संबंध में कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि ग्राम बड़ेरा निवासी 18 वर्षीय विपिन कुमार भूमिया व 22 वर्षीय विनीत कुमार मोटर सायकल से गुरूवार की शाम झुकेही बाजार गए थे। बताया जाता है कि जब देरशाम झुकेही से वापस घर लौट रहे थे। उसीदौरान पुराने झुकेही मोड़ के पास दानवी रफ्तार ट्रक ने बाइक सहित दोनों को अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह कुचल दिया। जिसके कारण दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को संजीवनी 108 वाहन से जिला अस्पताल लेकर आई। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने भी दोनों को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव परीक्षण के लिए पोस्ट मार्टम गृह में रखवाए गए। जहां आज सुबह दोनों का शवपरीक्षण हुआ और इसके बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिए गए।

### 23 किमी पीछा कर टीआई ने पकड़ा ट्रक

एक जानकारी में बताया जाता है कि दुर्घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ट्रक क्रमांक ए.पी.16टीके-1515 का चालक ट्रक लेकर भाग खड़ा हुआ। जिसका पीछा कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने पुलिस बल के साथ किया और लगभग 23 किलोमीटर पीछा करने के बाद आरोपी ट्रक पुलिस की पकड़ में आया। पुलिस ने ट्रक को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है।




# मुंबई में मिले कुठला से लापता सगे भाई

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी, यशभारत।** कुठला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना क्षेत्र से लापता दो नाबालिग बच्चों को मुंबई से दस्तयाब किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश में कुठला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत गुम हुए दो नाबालिग बालकों की तलाश की है। थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि 5 अप्रेल को घर से बाजार जाने को कहकर निकले दो सगे भाई अचानक बाजार जाने के बाद लापता हो गए थे। परिवार जनों ने थाना में रिपोर्ट की। टीआइ अरविंद जैन ने देर रात्रि उक्त दोनों बालक के गुम हो जाने की सूचना पर त्वरित रूप से नगर के अनेकों सीसीटीवी कैमरे रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड की जांच कराई। उनसे मिले सूत्र के आधार पर सोशल मीडिया से सहारा लेकर बच्चों की पतासाजी की गई। पुलिस टीम के सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर बागरी और आरक्षक गौरव दुबे ने दोनों गुमशुदा नाबालिग को मुंबई से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। जिसके बाद दोनों को कटनी लाया गया और सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया।

## गरमी के साथ खस की बिक्री



कटनी,यशभारत। कोतवाली के बाहर कूलरों में लगने वाली खस की बिक्री शुरू हो गई है। प्रतिवर्ष की तरह खस के कारीगर आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आकर शहर को खस की शीतलता उपलब्ध कराते हैं। इस वर्ष दामों में आंशिक बढ़ोत्तरी हुई है।

गर्मी से HEAT RESISTANCE
बारिश से WATER PROOF
Roof, Slab, Tinshed, Asbestos shed Solutioning
एक दाम दो काम
Well-Done Service @₹35/sq. ft.
Tvarit Enterprises, Nigam Marg, Near Hotel Blue Diamond, Nai Basti, Katni
Call us: 6261524050

# महाराष्ट्र की गेंग ने पार किया था कार से नगदी भरा बैग

## 70 हजार की चोरी में 3 लाख 45 हजार रूपए बरामद





### एक महिला सहित अंतर्राज्जीय चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र की बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने खड़ी इंदौर के व्यापारी की कार से रुपए गायब करने के मामले में पुलिस ने अंतर्राज्जीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें एक महिला भी शामिल है। व्यापारी ने चोरी गई रकम 70 हजार बताई थी, जिसे पुलिस ने एफआईआर में दर्ज किया गया था लेकिन पकड़े गए गिरोह से पुलिस ने 3 लाख 45 हजार रुपए बरामद कर किए हैं। गुरुवार को नगर पुलिस अधीक्षक विजयप्रताप सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 30 मार्च को इंदौर निवासी संस्कार पाटीदार की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले में पतासाजी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। घटनास्थल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड आने-जाने वाले रास्ते में लगे कैमरों की जांच की गई और खंगाला गया। जिसमें महाराष्ट्र और चेन्नई चोर गैंग से तार जुड़ना पाया गया।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा टीम गठित कर महाराष्ट्र और चेन्नई रवाना की गई। जहां से आरोपी 40 वर्षीय सुब्बा रमनी नायडू, 23 वर्षीय रमेश नायडू, 50 वर्षीय रजनी सुनकईया, 19 वर्षीय करण कुमार व 52 वर्षीय कीर्ति नेन्दू को गिरफ्तार कर कटनी लाया गया। आरोपियों से चोरी गई 3 लाख 45 हजार की रकम बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अन्य प्रदेशों में भी वारदात करना स्वीकार किया है, जिसकी पुष्टि स्थानीय पुलिस द्वारा की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी में साईबर सेल प्रभारी संजय दुबे, कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन, बस स्टैंड पुलिस चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत सहित अन्य की भूमिका रही।

# नशे में धुत्त पति-पत्नी कुएं में कूदे

## बडवारा के विलायतकला में घटना, जिला अस्पताल में भर्ती

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम विलायतकला में पारधी समुदाय के दंपत्ति द्धारा कुएं में कूदने की घटना प्रकाश में आई है। कुएं में पानी कम होने के कारण दोनों डूबने से बच गए लेकिन उन्हें चोटें आई हैं। ग्रामीणों की मदद से पति-पत्नी को कुएं से बाहर निकाला गया। घायलों को बड़वारा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। डॉक्टर व परिजनों ने दोनों को शराब के नशे में होना बताया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम विलायकता निवासी 40 वर्षीय लोरी पारधी व उसकी पत्नी 32 वर्षीय गौरी पारधी दोनों बाजार खरीदी के लिए गए थे। यहां से लौटने के बाद दोनों ही जब गांव पहुंचे तो गांव में स्थित कुएं में छंलाग लगा दी। कुएं में पानी कम होने की वजह से दोनों डूबने से बच गए और पत्थर में लेट गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला। गौरी की मां ने बताया कि पति-पत्नी दोनों बाजार गए थे और शराब पीने के आदि है। बाजार से ही शराब पीकर आए थे और अकारण ही कुएं में कूद गए। पति-पत्नी के बीच क्या विवाद हुआ, इसकी जानकारी नहीं है। दोनों के चार बच्चे भी है। पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी को भर्ती कराया गया है। दोनों शराब के नशे में लग रहे थे। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

अब बार-बार लाइट जाने से छुटकारा
9 वॉट इन्वर्टर बल्व उपलब्ध है।
एलईडी बल्ब, ट्यूबलाईट, पंखे 50 वॉट (कॉपर वाइंडिंग)
2 साल की वारंटी सहित मिलने का एकमात्र स्थान
एलईडी हाउस
संपर्क - वेंकट खंडेलवाल जयदयाल रोड सुभाष वार्ड कटनी
मो.9893009212

मुम्बई के गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष गुप्ता
(एम.सी.एच. यूरोलॉजी)
कटनी में परामर्श, उपचार एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक शाम 15/04/2023 से 17/04/2023 तक उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. आशीष गुप्ता मो. 9833072976, डॉ. अक्षय गुप्ता मो. 9425152372, डॉ. वी.के. गुप्ता मो. 9425153721
पता- गुप्ता नर्सिंग होम एम.ई.एस. कालोनी माधवनगर कटनी (म.प्र.)

!! श्री गणेशाय !! मो. 8369562213 7389842026
आर. के. इलेक्ट्रानिक एण्ड इलेक्ट्रिकल
हमारे यहाँ वाशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेभ ओवन, हेयर ड्रायर, स्टीम आयरन, स्मार्ट टी.वी., फैन, मिक्सर ग्राइंडर, वाटर प्यूरीफायर एवं सभी इलेक्ट्रिकल आइटम रिपेयर किये जाते हैं।
शॉप नं.25 सूरज बैटरी के बगल से बस स्टैण्ड कटनी (म.प्र.)

तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मांसपेशीयों का दर्द
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
तांडव तेल
TANDAV HERBAL PHARMACY

# अहमदाबाद व झांसी के खाताधारकों पर भी दर्ज हुआ मामला

## जिला कोषालय में लाखों के गबन का मामला

**कटनी, यशभारत।** जिला कोषालय कार्यालय में हुए गबन के प्रकरणों में पुलिस एफआइआर का सिलसिला जारी है। लंबे समय तक चली प्रशासनिक जांच के बाद माधवनगर पुलिस ने जिला योजना अधिकारी व ढीमरखेड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी की शिकायत पर जेल में बंद कोषालय के बाबू व अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि जिला योजना अधिकारी राधा पुराविया की शिकायत पर 10 लाख 9 हजार 811 रुपए के गबन पर कोषालय के बाबू धीरज सिंह सहित दिलसाद खान निवासी अहमदाबाद व अभिलाषा पति संजीव कुमार निवासी झांसी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इसी तरह ढीमरखेडा विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार दीक्षित की शिकायत पर 12 लाख 36 हजार 323 रुपए के गबन में धीरज सिंह सहित राहुल कुमार निवासी झांसी के विरुद्ध फर्जी तरीके से अन्य व्यक्तियो के खाते में भुगतान करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। कोषालय के बाबू धीरज सिंह ने कोषालय में गबन करते हुए अधिकांश राशि अहमदाबाद व झांसी निवासी लोगों के खातों में भेजी है। पुलिस अब खाताधारकों को भी मिलीभगत में आरोपी बना रही है। इससे पूर्व भी धीरज सिंह पर तीन एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्प्लांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

SGAT Johnson Pedder SETMAX AVENUE
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

MR.DIY
NOW OPEN
City Mall - Katni

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)